चयनित गढ़वाली गद्य

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
मानविकी विद्याशाखा
(क्षेत्रीय भाषाएं विभाग)
फोन नं0 05946-261122, 261123
टोल फ्री नं0 18001804025
इ–मेल info@uou.ac.in
http://uou.ac.in

(गढ़वाली भाषा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम)

अध्ययन बोर्ड

प्रोफेसर एच. पी. शुक्ल निदेशक, मानविकी विद्याशाखा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय श्री रमाकांत बेंजवाल लोक साहित्यकार एवं लेखक, देहरादून, उत्तराखण्ड। श्री देवेश जोशी, लोक साहित्यकार एवं लेखक, देहरादून, उत्तराखण्ड।	डॉ0 राकेश चन्द्र रयाल एसोसिएट प्रोफेसर पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय श्री धर्मेन्द्र नेगी लोक साहित्यकार, लोक कवि एवं लेखक, पौडी गढ़वाल, उत्तराखण्ड। श्री गिरीश सुन्दरियाल लोक साहित्यकार, लोक कवि एवं लेखक, पौडी गढवाल, उत्तराखण्ड।

पाठ्यक्रम विशेषज्ञ समिति

प्रोफेसर एच. पी. शुक्ल निदेशक, मानविकी विद्याशाखा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय श्री नरेन्द्र सिंह नेगी लोक गायक, लोककवि एवं साहित्यकार, पौडी गढ़वाल, उत्तराखण्ड। श्रीमती बीना बेंजवाल लोक साहित्यकार, लोककवि एवं लेखक, देहरादून, उत्तराखण्ड ।	डॉ0 राकेश चन्द्र रयाल एसोसिएट प्रोफेसर पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय श्री गणेश खुगशाल 'गणी' लोक साहित्यकार एवं लेखक, पौडी गढ़वाल, उत्तराखण्ड ।

पाठ्यक्रम संयोजन

डॉ0 राकेश चन्द्र रयाल
एसोसिएट प्रोफेसर
पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

इकाई लेखक

इकाई सं0	इकाई का नाम	लेखक का नाम
1	गढ़वाली गद्य का संक्षिप्त इतिहास	श्री गिरीश सुन्दरियाल
2	गणि (कहानी)– दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल	श्री धर्मेन्द्र नेगी
3	हेड मास्टर हिरदैराम (कहानी)– भगवती प्रसाद जोशी	श्री गिरीश सुन्दरियाल
4	डुंडा खच्चरै कथा (कहानी)– मोहन लाल नेगी	श्री धर्मेन्द्र नेगी
5	क्य गोरि क्य सौंलि (निबन्ध)– डॉ० गोविन्द चातक	श्री गिरीश सुन्दरियाल
6	पार्वती (उपन्यास)– डॉ० महावीर प्रसाद गैरोला	श्री धर्मेन्द्र नेगी
7	अंछर्यू कु ताल (नाटक)– ललित मोहन थपलियाल	श्री गिरीश सुन्दरियाल
8	धियाण की नंदा बिदै (यात्रा वृत्तांत)– जगमोहन बिष्ट	श्री धर्मेन्द्र नेगी
9	आर–पारै लड़ै (व्यंग्य)– नरेन्द्र कठैत	श्री गिरीश सुन्दरियाल
10	विविधा– संस्मरण, पत्र, साक्षात्कार आदि	श्री धर्मेन्द्र नेगी

पाठ्यक्रम सम्पादन

श्रीमती बीना बेंजवाल

लोक साहित्यकार, लोक कवि एवं लेखक, देहरादून, उत्तराखण्ड।

कॉपीराइट @/उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।

संस्करणः प्रथम 2021

प्रकाशक : कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, 263139 (नैनीताल)

इस सामग्री के किसी भी अंश को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी की लिखित अनुमति के बिना किसी भी रूप में अथवा मिमियोग्राफी चक्रमुद्रण द्वारा या अन्य पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

इकाई-1

गढ़वाली गद्य साहित्य का संक्षिप्त इतिहास

इकाई संरचना

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 पौराणिक गद्य साहित्य
1.3.1 लोक कथा
1.3.2 लोक गाथाएँ
1.3.3 लोक नाट्य
1.3.4 लोकोक्तियाँ
1.4 गढ़वाली गद्य साहित्य
1.4.1 अनुवाद
1.4.2 कहानी
1.4.3 नाटक
1.4.4 उपन्यास
1.4.5 व्यंग्य
1.4.6 निबन्ध
1.4.7 गढ़वाली गद्य की अन्य विधाएँ
1.5 अभ्यास प्रश्न
1.6 सारांश
1.7 शब्दार्थ
1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
1.9 निबंधात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना गढ़वाली गद्य का संक्षिप्त इतिहास

गढ़वाली गद्य साहित्य का इतिहास सदियों पुराना है। पुराने समय में साहित्य मौखिक अथवा श्रुत परम्परा से ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरित होता रहा। बल्कि यूं कहें कि जो गढ़वाली गद्य का आदिकालीन साहित्य है उसका रचनाकाल, कालक्रम का निर्धारण करना अत्यन्त कठिन है। गढ़वाली का प्राचीन गद्य साहित्य लोककथाएँ, लोकगाथाएँ व लोकोक्तियों के रूप में हैं, जो कि आदि काल से ही प्रचुर मात्रा में रचा गया है। जिसमें से कुछ-कुछ समय-समय पर दस्तावेज के रूप में मुद्रित व प्रकाशित हो चुका है। किन्तु अभी भी अधिकांश लोक साहित्य (गद्य व पद्य) श्रुत परम्परा में ही जिन्दा है। लोक

साहित्य के बिना हम आधुनिक गढ़वाली साहित्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। लोक साहित्य सुनकर व बाद में पढ़कर साहित्य रचने की प्रेरणा मिली होगी, ऐसा अक्सर माना जाता है, सही भी है। आज भी जो साहित्य रचा जा रहा है वह भी लोक का ही है। लोकतत्व साहित्य के प्राण हैं इसलिए साहित्य तभी जिन्दा रहता है जब उसमें प्राण रहें अर्थात् लोकतत्व विद्यमान हों। रामधारी सिंह दिनकर का कथन है कि 'हम जिस लोक साहित्य को ग्राम्य समझकर कमतर आंकते हैं व अवहेलना करते हैं। असल में साहित्य भी वही है, वही आधुनिक साहित्य के लिए जमीन तैयार करता है। जिस प्रकार बिना जमीन के आप बीज नहीं बो सकते उसी प्रकार बिना लोक साहित्य के आप साहित्य (आधुनिक) नहीं रच सकते।'

1.2 उद्देश्य

- गढ़वाली गद्य की विभिन्न विधाओं के विषय में जान पायेंगे।
- गढ़वाली लोक साहित्य से गढ़वाली गद्य साहित्य के अभिन्न सम्बन्ध से परिचित हो पायेंगे।
- गढ़वाली गद्य साहित्य की प्राचीनता, विविधता की जानकारी मिलेगी।
- गढ़वाली गद्यकारों की रचनाओं व उनके योगदान के बारे में जान पायेंगे।

1.3 पौराणिक गद्य साहित्य

इससे पूर्व कि हम आधुनिक गढ़वाली गद्य साहित्य की चर्चा करें, एक नजर पौराणिक गढ़वाली लोक गद्य साहित्य पर डाल लेते हैं। मूल रूप से यह निम्नलिखित चार वर्गों में विभाजित किया जा सकता है :-

- 1. लोक कथा साहित्य
- 2. लोक गाथा साहित्य
- 3. लोक नाट्य साहित्य
- 4. लोकोक्तियाँ

1.3.1 लोक कथा साहित्य

गढ़वाली लोक साहित्य की परम्परा में लोक कथाओं का अपना एक खास महत्व है। पुराने समय में चाहे शिक्षा हो या मनोरंजन, किसी भी उद्देश्य के लिए आज के जैसे साधन नहीं थे। उस दौर में ये लोककथाएँ आदि ही मनोरंजन के साथ-साथ नैतिकता व मूल्यपरक शिक्षा का माध्यम होती थीं। सदियों का अर्जित ज्ञान व अनुभव विरासत के रूप में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक लोक कथाओं, लोक गाथाओं व लोकगीतों के माध्यम से ही पहुँचता था। लोककथाओं का गढ़वाली समाज से बहुत गहरा सम्बन्ध है। इसीलिए यहाँ की लोक कथाओं में यहाँ का इतिहास, भूगोल, सभ्यता, संस्कृति सभी कुछ समाया होता है। इसी तरह यहाँ के सम्पूर्ण जनजीवन की सैकड़ों लोककथाएँ पुस्तकों व हृदयों में

संकलित हैं। हमारे जीवन मूल्यों, पर्व-त्योहार, मेले, रीति-रिवाज, कृषि, पशुपालन आदि से सम्बन्धित अनेकों लोककथाएँ समाज में प्रचलित हैं जो कि हमारी प्राचीन परम्पराओं, मान्यताओं व आस्थाओं को बल प्रदान करती हैं। अँचल विशेष से जुड़े होने के बावजूद भी इनकी विषयवस्तु बहुत व्यापक है। सार्वभौमिक कथानकों को स्थानीय बिम्बों व पात्रों के माध्यम से प्रस्तुत करने की कला ही इन लोक कथाओं को व्यापक बनाती है। ये जहाँ एक ओर मनोरंजक होती हैं वहीं दूसरी ओर शिक्षाप्रद भी। आंचलिकता का पुट देकर व्यापक विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत करना ही लोक कथाओं की विशेषता है। कुल मिला कर लोक कथाएँ हमारे साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। हमारी सामाजिक व साहित्यिक संचेतना के साथ पारम्परिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक दस्तावेज हैं।

गढ़वाली लोक कथाओं के प्रकार : विषय वस्तु के आधार पर प्रमुख साहित्यकारों ने लोक कथाओं को निम्न वर्गों में बाँटा है:-

1. ऐतिहासिक लोक कथाएँ
2. धार्मिक लोक कथाएँ
3. देव कथाएँ
4. उपदेशात्मक
5. मनोरंजनात्मक
6. पशु पक्षियों सम्बन्धी
7. भूत प्रेत सम्बन्धी
8. हास्य व्यंग्यात्मक
9. बाल विनोदात्मक
10. संस्मरणात्मक आदि

1.3.2 लोक गाथाएँ

लोक गाथा साहित्य गद्य व पद्य दोनों रूपों में पाया जाता है। लोक गाथाओं में पद्य के रूप में ऐतिहासिक चरित्रों, वीर भड़ों की वीर गाथाओं का यशोगान होता है जिन्हें लोक भाषा में पंवाड़ा कहा जाता है। इसके साथ ही उनकी प्रेमगाथाओं का भी शृंगारिक वर्णन किया जाता है। देवी देवता सम्बन्धी गाथाएँ भी पंवाड़ों में गायी जाती है। किन्तु इन ऐतिहासिक नायक-नायिकाओं के यशोगान व प्रेमाख्यान का गद्य रूप भी विद्यमान है। जिन्हें लोकगाथा साहित्य के अन्तर्गत पढ़ा जाता है। इन वीर गाथाओं व प्रेम गाथाओं में चरित्रों के उदात्त रूप का उल्लेखनीय वर्णन पाया जाता है जो सदियों से चला आ रहा है। इसीलिए इसे आदि साहित्य कहा जाता है। गढ़वाली साहित्य में मुख्य रूप से निम्नवत् चरित्रों की प्रेम व वीर गाथाओं का वर्णन मिलता है :-

1. देवी-देवताओं मुख्य रूप से कृष्ण, राधा की गाथाएँ।

2. ऐतिहासिक महापुरुषों, वीर योद्धाओं की प्रेम व वीरगाथाएँ।

1.3.3 लोक नाट्य

गढ़वाली लोक साहित्य की तीसरी महत्वपूर्ण विधा है लोक नाट्य, जिससे आधुनिक गढ़वाली नाट्य शैली, रंगमंच, रंगकर्म व थियेटर का उद्भव व विकास हुआ। हमारे लोक के दैनिक जीवन में लोक नाट्य के बहुतेरे दृश्य, पात्र, कथानक, संवाद, देशकाल वातावरण समय-समय पर यत्र-तत्र स्वाभाविक रूप से देखे जाते हैं। गढ़वाल के लोक कलाकारों द्वारा लोक नाट्य का उद्भव हुआ। मुख्य रूप से लोक नाट्य के निम्नलिखित स्रोत हैं :-

1.3.4 लोक कलाकार

गढ़वाल भर में एक विशेष वर्ग लोक नाट्यों का जनक था। उन्हें जीता था, उन्हीं से जीता था, जिसमें बादी, ढाकी, मिरासी आदि थे, जो पौराणिक आख्यानों से लेकर समसामयिक घटनाओं पर तुरन्त नाटक बनाते व खेलते थे। ये स्वांग बड़े असरदार, रोचक, हास्य-व्यग्यपूर्ण तथा मनोरंजक होते थे। इन लोक कलाकारों को आशु कवि भी कहा जाता था। इनका समाज पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता था।

1.3.5 परम्परागत लोक नाट्य

गढ़वाल में प्राचीन काल से ही कुछ परम्परागत लोक नाट्य जैसे मुखौटा नृत्य, पत्तर, रम्माण, बगडवाळ आदि खेले जाते रहे हैं जिनमें अद्भुत नाट्य अभिव्यंजना देखी जाती है। सम्मोहित करने वाला अभिनय, चुटीले संवाद, शानदार रूपसज्जा व वेशभूषा सभी आधुनिक रंगमच का अनूठा सृजन करते हैं। इन प्रस्तुतियों में नाट्य विधा के सभी तत्व विद्यमान होते हैं। लोक की भाषा व लोक की कथावस्तु के कारण यह अपने समाज से गहरे जुड़े रहते हैं। लोक की आस्था और अपनी परम्पराओं से अगाध प्रेम होने के कारण ही ये लोक नाट्य आज भी सर्वत्र खेले जाते हैं। रम्माण जैसा लोक नाट्य आज विश्व धरोहर बन चुका है।

1.3.6 रामलीला

रामलीला गढ़वाल भर के लोक नाट्य का एक अग्रणी मंच रहा है और आज भी है। पुराने समय से रामायण के प्रसंगों का गढ़वाली भाषा में रामलीला के रूप में मंचन वर्षो से होता आया है। विद्वानों का कहना है कि गढ़वाली रंगमंच पर पारसी थियेटर व रामलीला का बड़ा गहरा प्रभाव रहा है। नाट्य तत्वों के आधार पर रामलीला का स्थान सर्वोपरि है। बिना रामलीला के गढ़वाली रंगमंच आगे नहीं बढ़ सकता था। वर्षो के प्रयास ने गढ़वाली रंगमंच को असीम ऊँचाइयां प्रदान की हैं।

1.3.7 अन्य

प्रायः पर्व-त्योहारों, मेलों आदि के सांस्कृतिक आयोजनों में, बच्चों के खेलों में, कृषि कार्य करते हुए, पशु चराने आदि अवसरों पर भी अनेक प्रहसन फूट पड़ते, जिनमें आधुनिक नाट्य प्रस्तुतियों के अहम बीज होते। इसलिए इस तरह की गतिविधियों को भी नाट्य शैली में रखने से वंचित नहीं कर सकते।

1.3.8 लोकोक्तियाँ

लोकोक्तियाँ जनता जनार्दन की उक्ति होती हैं। प्रत्येक लोकोक्ति की सृजना में कोई कथा, घटना व गूढ़ अनुभव छुआ होता है जिसके फलस्वरूप कोई लोकोक्ति अस्तित्व में आती है। लोकोक्ति गागर में सागर होती है। पहाड़ी जनजीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं जिससे सम्बन्धित कोई लोकोक्ति न हो। लोक साहित्य का भण्डार लोकोक्तियों आणा, पखाणा, भ्वीणा, मुहावरों से भरा हुआ है। आधुनिक गद्य अथवा पद्य साहित्य में अगर इनका प्रयोग न हो तो वे निष्प्राण माने जाते हैं। इनका प्रयोग चमत्कारिक अर्थात् आलंकारिक होता है।

1.4 गढ़वाली गद्य साहित्य

पौराणिक गढ़वाली लोक साहित्य से ऊर्जा लेकर उन्नीसवीं सदी में साहित्यकार इस ओर प्रवृत्त हुए। गढ़वाली गद्य की शुरूआत का श्रेय ईसाई मिशनरीज को जाता है जिन्होंने बाइबिल का गढ़वाली में अनुवाद कराया। इतिहासकारों के अनुसार सन् 1820 में इसका प्रारम्भ हुआ। 'गढ़वाली' पत्र के सम्पादक पं० विश्वम्भर दत्त चन्दोला बताते हैं कि सन् 1830 में न्यू टेस्टामेंट एवं 1876 में गोस्पेल ऑफ मैथ्यू का गढ़वाली में अनुवाद हुआ जो कि गढ़वाली गद्य के साहित्येतिहास में महत्वपूर्ण घटना है। इससे पूर्व गढ़वाली गद्य में कोई रचना नहीं हुई थी। यद्यपि पद्य में कुछ कार्य होने की जानकारी मिलती है। गढ़वाली लेखकों ने सर्वप्रथम अनुवाद में ही रुचि दिखाई।

अनुवादः गढ़वाली का आदि कालीन गद्य साहित्यः- जैसा कि साहित्यकार व इतिहासकार बताते हैं कि अनुवाद से ही गढ़वाली गद्य की शुरूआत हुई। इस संदर्भ में सन् 1820-30 तक बाइबिल का अनुवाद, 'न्यू टेस्टामेन्ट', 'गॉस्पेल ऑफ मैथ्यू' (1876) उल्लेखनीय हैं। गढ़वाली लेखकों में पं० गोविन्द प्रसाद घिल्डियाल पहले लेखक थे जिन्होंने सन् 1902 में 'हितोपदेश' की कथाओं का गढ़वाली में अनुवाद किया। जबकि पं० गंगा प्रसाद उप्रेती द्वारा सम्पादित ग्रन्थ पर्वतीय भाषा प्रकाश में 'शूरवीरों का मिलन' शीर्षक से एक गढ़वाली कहानी छपी किन्तु यह भी अनूदित कहानी ही थी। यह हिंदी कहानी पूर्व एवं पश्चिम के वीरों का मिलन नामक शीर्षक से हिन्दी की कहानी थी।

1.4.1 कहानी

कहानी गढ़वाली गद्य की प्राचीन विधा है जिसका उद्भव बीसवीं सदी के प्रारम्भ में हुआ। 'गढ़वाली ठाट' शीर्षक से पं० सदानन्द कुकरेती की गढ़वाली की पहली कथा है जिसका प्रकाशन 'विशालकीर्ति' समाचार पत्र में सन् 1913 में हुआ। किसी संग्रह की बात करें तो सन् 1946 में भगवती प्रसाद पांथरी का कहानी संग्रह 'पाँच फूल' प्रकाशित हुआ जो पहला कहानी संग्रह है। सन् 1956 में शकुन्त जोशी के सम्पादन में सात कहानीकारों का सामूहिक संकलन 'रैबार' प्रकाशित हुआ। सन् 1967 में गढ़वाली के महान कथाकार मोहन लाल नेगी का उदय होना एक महत्वपूर्ण घटना है। इस वर्ष उनका चर्चित कथा संग्रह 'जोनि पर छापु किलै' प्रकाशित हुआ जिसमें कुल दस कहानी संकलित थीं। तत्पश्चात् उनका दूसरा संग्रह 'बुरांस की पीड़' 1987 में छपा। इसमें भी दस कहानियाँ थीं। सन् 1976 में गढ़वाली के मूर्धन्य साहित्यकार अबोधबन्धु बहुगुणा द्वारा गद्य की विभिन्न विधाओं का संकलन वृहद व महत्वपूर्ण भूमिका के साथ 'गाड म्यटेकी गंगा' नामक शीर्षक से प्रकाशित हुआ, जो मील का पत्थर है। प्रसिद्ध कहानीकार दुर्गाप्रसाद घिल्डियाल के तीन कथा संग्रह गारि (1981), म्वारि (1985), ब्वारि (1987) छपे जिनमें कुल 37 कहानियाँ संकलित थीं। ये गढ़वाली में सर्वाधिक कहानी लिखने (प्रकाशित) वाले कथाकार हैं। सन् 1987 में एक और उत्कृष्ट कोटि के कहानीकार भगवती प्रसाद जोशी 'हिमवन्तवासी' का कथा संग्रह 'एक ढांगा की आत्मकथा' प्रकाश में आया जो कि बेहद चर्चित रहा। इनके अतिरिक्त प्रमुख कथाकार व उनके संग्रह भी उल्लेखनीय हैं जिनमें सुदामा प्रसाद प्रेमी (गैत्री की ब्वे), अबोधबन्धु बहुगुणा (रगड्वात, कथा कुमुद), प्रताप शिखर (कुरेड़ी फटैगी), वृजेन्द्र कुमार नेगी (उमाळ, छिटगा), ललित केशवान (मिठास), ओम प्रकाश सेमवाल (मेरी पुफू, ढुंगळा), दिनेश ध्यानी (न्यूतेर), कमल रावत आदि महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान समय में कमल रावत सर्वाधिक लिखने वाले व श्रेष्ठ कहानीकार हैं। इन सबके अतिरिक्त लगभग 200 कथाकार कहानी लिख चुके हैं व लिख रहे हैं। गढ़वाली कहानी ने लगभग एक सौ आठ वर्षों की यात्रा पूर्ण कर ली है। अपनी इस यात्रा में उसने बदलते समाज के प्रभाव को महसूस किया व उसे मुखरित भी किया है। गढ़वाली कहानी ने कभी भी अपने को परम्परा से अलग नहीं किया किन्तु हर दौर में समसामयिकता से खुद को जोड़े रखा। समाज के अच्छे-बुरे पक्ष दोनों को स्थान दिया। उसने भाषा की मर्यादा को बनाये रखा। अपनी धरती की अपनी मिट्टी की सौंधी गंध, अलौकिक खुशबू को इसमें महसूसा जा सकता है। इनमें अपनी लोक संस्कृति, परम्परा, रीति-रिवाज, सामाजिक समरसता, विसंगति, रूढ़िवादिता, राग-द्वेष आदि सभी मानवीय मनोवृत्तियों का सजीव चित्रण मिलता है। इनमें उच्चकोटि की कल्पनाशीलता है तो वहीं दूसरी ओर जीवन का यथार्थ। कथानक, कथोपकथन, पात्र चरित्र चित्रण, संवाद, देशकाल वातावरण व उद्देश्य इन कहानी तत्वों की दृष्टि से सभी उच्चकोटि की कथायें हैं। यह कहानीकार की सफलता है कि उसमें सम्पूर्ण पहाड़ धड़कता हुआ दिखे जो कि इनमें दीखता है। ये इन तमाम कसौटियों पर खरी उतरती हैं। इन कहानियों का भाषा सौन्दर्य, सुगढ़ शिल्प, भाषा प्रवाह, एवं शब्द सामर्थ्य अद्वितीय है। इस आधार पर इतना कहा जा सकता

है कि यदि ये कहानियाँ किसी और भाषा में होतीं तो कदाचित इनका प्रभाव व सम्प्रेषणीयता ऐसी न होती जो है। यही आंचलिक भाषा की ताकत भी है और विशेषता भी। कहा जाता है कि किसी अँचल विशेष के किसी समाज के विषय में गहराई से जानना हो तो उसका साहित्य पढ़ लीजिए। शायद यह बात गढ़वाली कथा पढ़कर सिद्ध हो जाती है। गढ़वाली कहानियों में भाषा व समाज का निरन्तर विकास क्रम भी दिखाई देता है। बदलती दुनिया, बदलते स्थानीय परिवेश के परिवर्तन भी इनमें प्रतिबिंबित होते हैं। इस आधार पर कहा जा सकता है कि ये कहानियाँ हमारे जीवन्त दस्तावेज हैं, पुख्ता प्रमाण हैं जिनका अस्तित्व हमारे लिए जरूरी व गौरव का विषय है।

1.4.2 नाटक

नाटक गढ़वाली गद्य की एक सशक्त विधा है जो गढ़वाली कविता के पश्चात् उद्भव हुई विधा है। नाटक को गढ़वाली में स्वांग भी कहा जाता है। वास्तव में स्वांग लोक कलाकारों द्वारा अभिनीत प्रहसनपूर्ण छोटी-छोटी असरदार नाट्य प्रस्तुतियाँ होती थीं। गढ़वाली में रंगमंच व नाट्यकला को लोक कलाकारों, रामलीला के कलाकारों व तदुपरान्त पारसी थियेटर ने समृद्ध किया।

गढ़वाली में नाट्य लेखन की शुरूआत सन् 1911 में भवानीदत्त थपलियाल द्वारा 'जय-विजय' नाटक के साथ हुई। इन्हें गढ़वाली नाटक का जनक कहा जाता है। तत्पश्चात् इनके लोकप्रिय नाटक 'प्रह्लाद', 'फौंदार की कछड़ी' आदि मंचित व प्रकाशित हुए। भवानीदत्त थपलियाल के पश्चात् घनानंद बहुगुणा का समाज (1930), विश्वम्बर दत्त उनियाल का 'बसन्ती' (1932) ईश्वरी दत्त जुयाल का 'परिवर्तन' (1934) उल्लेखनीय हैं।

आजादी के बाद के नाटकों में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जबरदस्त जनचेतना एवं व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह साफ दिखाई देता है। इस शृंखला में भगवती प्रसाद पांथरी के नाटक 'अधः पतन' और 'भूतों की खोह' महत्वपूर्ण हैं। पचास के दशक के पश्चात् गढ़वाली रंगमंच तकनीकी रूप से मजबूत हो गया। इस दौर में प्रसिद्ध नाटककार ललितमोहन थपलियाल का उदय इस क्षेत्र में एक अविस्मरणीय घटना है। उन्होंने गढ़वाली नाट्य साहित्य को महत्वपूर्ण कृतियाँ दीं, जिनमें देशकाल वातावरण त तत्कालीन समाज का सजीव चित्रण मिलता है। उनके प्रमुख नाटकों में 'खाडू लापता' 'घरजवैं', 'अंछर्यू को ताल', 'एकीकरण', 'दुर्जन की कछड़ी', आदि उल्लेखनीय हैं जिनका मंचन व प्रकाशन रंगमंच की दृष्टि से क्रान्तिकारी सिद्ध हुआ। ललितमोहन थपलियाल ने वास्तव में गढ़वाली नाट्य विधा की धारा ही बदल दी। उन्होंने परम्परागत शैली को आधुनिकता व ज्वलन्त विषयों से जोड़ा इसीलिए अबोधबन्धु बहुगुणा के नाटक 'रणमण्डाण', 'अंतिम गढ़' दोनों ही ऐतिहासिक नाटक हैं, जबकि उनका सात नाटकों का एकांकी संग्रह 'चक्रचाळ' भी उल्लेखनीय है।

महाकवि कन्हैयालाल डंडरियाल का नाटक के क्षेत्र में भी अविस्मरणीय योगदान है। उनके महत्वपूर्ण नाटकों में 'स्वयंवर', 'कंसानुक्रम', 'अबेर छ अंधेर नी', भ्वींचळो, 'स्वर्गलोक मा कवि सम्मेलन' आदि

समसामयिक, हास्य-व्यंग्य व समाज पर जबरदस्त प्रभाव छोड़ने वाले संवेदनशील नाटक हैं। हरिदत्त भट्ट 'शैलेश' का 'नौबत', ललित केशवान का 'हरि हिण्डवाण', 'गंगू रमोला', 'जै बदरी नारैण', गिरधारी प्रसाद थपलियाल का 'इन बि चल्द' उमाकान्त बलूनी का 'बांजी गौड़ी' भी इस दौर के प्रमुख नाटक हैं। इन रचनाकारों में राजेन्द्र धस्माणा एक ऐसे नाटककार हुए जिन्होंने गढ़वाली रंगमंच को आधुनिक रंगमंच के समकक्ष खड़ा किया। कुशल नाट्य शिल्पी राजेन्द्र धस्माणा ने अपने नाटकों में परम्परा से हटकर समाज के ज्वलन्त मुद्दों का चित्रण बड़ी कारीगरी व बारीकी से किया। उन्हें वास्तव में नाटक की कथावस्तु से लेकर संवाद सृजन, पात्र चरित्र चित्रण सब कुछ देश काल वातावरण के अनुसार रचने में महारत हासिल थी। उनके 'अर्द्धग्रामेश्वर', 'पैसा न ध्यला, गुमान सिंह रौतेला', 'जय भारत जय उत्तराखण्ड' आदि प्रसिद्ध नाटक हैं।

वर्तमान में गढ़वाली में नाटक के क्षेत्र में जो कार्य हो रहा है वह बहुत आशाजनक है। आज के दौर में जो नाटककार बहुत शिद्दत से रंगकर्म को आगे बढ़ा रहे हैं उनमें डॉ० दाताराम पुरोहित (पाँच भै कठैत, बुढ़देवा आदि), कुलानन्द घनशाला (आस औलाद, मनखि बाघ, अब क्य होलु, क्य कन तब, उज्याड़ रंगछोळ सहित लगभग 30 नाटक प्रकाशित व मंचित), नरेन्द्र कठैत (डॉ० आशाराम, पाँच पराणी पच्चीस छ्वीं), गजेन्द्र नौटियाल (नौ नवाड़), गिरीश सुन्दरियाल (भर्ती, ऐलि मेरि पौड़ी, असगार, शिलान्यास, पाँच साल बाद निरजीराज, लूनै भैंसी, छौळ, बणाग आदि), ओम बधाणी (नरू बिजुला) आदि उल्लेखनीय हैं। लगभग 110 वर्षों के नाट्य इतिहास में गढ़वाली रंगमंच ने बहुत से उतार-चढ़ाव देखे किन्तु वह उत्तरोत्तर आगे बढ़ता रहा। यह कभी अवरुद्ध नहीं हुआ। गढ़वाली नाटकों में नाटक के सभी तत्वों का बड़ी कुशलता के साथ प्रयोग हुआ है। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि गढ़वाली में नाट्य विधा एक समृद्ध व सशक्त विधा है जो गढ़वाली रंगमंच के माध्यम से भाषा साहित्य को अत्यधिक समृद्ध व संरक्षित कर रही है।

1.4.3 उपन्यास

यद्यपि साहित्य की अन्य विधाओं की अपेक्षा गढ़वाली में उपन्यास कम लिखे गये हैं किन्तु जो भी लिखे गये हैं, वे महत्वपूर्ण हैं। सर्वविदित है कि गद्य लेखन और विशेष रूप से उपन्यास लिखना बहुत संयम और परिश्रम का कार्य है जो हर किसी के वश की बात भी नहीं। यह चुनौती व जोखिम कोई संयमी लेखक ही उठा सकता है। आज के दौर के लिए तो यही बड़ी चुनौती है। इतिहास के अनुसार पं० बलदेव नौटियाल ने सर्वप्रथम सन् 1940 में गढ़वाली भाषा में 'ब्यळमू ब्यूराळ' नामक उपन्यास रचा। इसके कुछ अंश यत्र-तत्र छपे भी किन्तु यह शायद प्रकाशित न हो सका। इसके पश्चात् काफी लम्बे अरसे तक कोई उपन्यास प्रकाश में नहीं आया। सन् 1981 में डॉ० महावीर प्रसाद गैरोला ने 'पारबती' नामक उपन्यास लिखकर इस सूखे को खत्म किया। यह उपन्यास स्त्री विमर्श को उत्प्रेरित करता है। गढ़वाली के चर्चित व मुख्य उपन्यास व उपन्यासकारों में अबोधबन्धु बहुगुणा (भुगत्यूं भविष्य), डॉ०

महावीर प्रसाद गैरोला (पारबती, ओडु हटै द्या), नित्यानन्द मैठाणी (निमाणी), शेर सिंह गढ़देशी (शेरू), दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल (उच्याणो), सुरेन्द्र पाल (जाल), सुरेन्द्र भट्ट (सतमंगळ्या), रमेश घिल्डियाल (बीसवीं सदी को बिरही यक्ष, चला बौड़ी जौंला पितरू का देश आदि), उमेश चमोला (निर्बिजु) राकेश मोहन खन्तवाल (मुसक्यमार, स्वीणा आदि), कन्हैयालाल डंडरियाल (रुद्री) आदि उल्लेखनीय हैं। गढ़वाली उपन्यासों में कथाओं का विस्तार मिलता है। कथानक आंचलिक विषयों के हैं। पात्र समाज के जन सामान्य से प्रेरित हैं। संवाद बहुत चुटीले व आंचलिक भाषा के माधुर्य से लबरेज हैं। देशकाल वातावरण का सभी उपन्यासों में सजीव चित्रण है। उपन्यास उद्देश्यपूर्ण हैं। भाषा, साहित्य को समृद्ध करने वाले हैं। सामाजिक संचेतना और आंचलिक परिवेश की सुन्दर झांकी प्रस्तुत करते हैं ये उपन्यास। बाजारवाद व डिजिटल युग में जो भी उपन्यास लिखे जा रहे हैं वे महत्वपूर्ण तो हैं ही, साथ ही प्रशंसनीय भी हैं।

1.4.5 व्यंग्य

व्यंग्य गढ़वाली गद्य की एक महत्वपूर्ण व चर्चित विधा है। व्यंग्य के माध्यम से गढ़वाली ने जहाँ भाषा साहित्य को परिमार्जित, संवर्द्धित किया वहीं इस भाषा में लोक गीतों व लोककथाओं के मायाजाल से बाहर आकर नये ढंग व नये रंग में कुछ नया कहने व लिखने का सफल प्रयास किया है। व्यंग्य विधा में सबसे अग्रणी नाम नरेन्द्र कठैत का है जिन्होंने सामाजिक सरोकारों से लेकर व्यवस्था के खिलाफ मुखर होकर दर्जन भर से अधिक व्यंग्य संग्रह अपने दम पर प्रकाशित किये हैं। अर्थात् अकेले ही सौ से अधिक व्यंग्य रचने वाले वे पहले आंचलिक लेखक हैं। वरिष्ठ लेखक भीष्म कुकरेती का भी व्यंग्य विधा में महत्वपूर्ण कार्य है। वे स्वयं सैकड़ों व्यंग्य लिखने का दावा करते हैं। यद्यपि उनका एक व्यंग्य संग्रह 'कबलाट' भी प्रकाशित है। हरीश जुयाल 'कुटज' (खिगताट) व सुनील थपलियाल 'घंजीर' भी प्रसिद्ध व्यंग्यकार हैं।

1.4.6 निबन्ध

निबन्ध लेखन जितना कठिन है उतना ही उसकी उपलब्धता। गढ़वाली में निबन्ध विधा पर बहुत कम लेखकों ने कलम-चलाई है। कुछ मुख्य नाम जिन्होंने निबन्ध के क्षेत्र में कार्य किया है उनमें आचार्य गोपेश्वर कोठियाल, डॉ० गोविंद चातक, मोहनलाल बाबुलकर, अबोधबन्धु बहुगुणा आदि हैं।

1.4.7 गढ़वाली गद्य की अन्य विधाएँ

कहानी, नाटक, उपन्यास के अतिरिक्त गढ़वाली गद्य की अन्य विधा जैसे यात्रा वृत्तांत, संस्मरण, साक्षात्कार, समीक्षा, डायरी, पत्र साहित्य, रिपोर्ताज आदि में भी लेखन कार्य हुआ है और हो रहा है। यात्रा वृत्तांत में कन्हैयालाल डंडरियाल कृत 'चाँठौं का घ्वीड़' बहुत ही रोचक व कौतूहलपूर्ण यात्रा वृत्तांत

है, जो कि गढ़वाली का प्रथम यात्रा वृत्तांत है। यह 1988 में प्रकाशित हुआ। इसके अलावा बहुत से लेखकों के यात्रा वृत्त पत्र पत्रिकाओं में समय-समय पर छपते रहे। कुछ महत्वपूर्ण यात्रा वृत्तांत जगमोहन सिंह बिष्ट (धियाणी कैलाश बिदै, लिप्पू लेख का वार-पार), शूरवीर सिंह रावत (नौ भैणी आंछरी बारा भैणी भराड़ी) आदि हैं। अबोधबंधु बहुगुणा जी द्वारा सम्पादित 'एक कौंळी किरण' पुस्तक में कुछ निबन्ध, समीक्षा, पत्र, संस्मरण आदि संकलित हैं। वीरेन्द्र पंवार द्वारा साक्षात्कार पर आधारित पुस्तक 'छ्वीं-बथ' एक उल्लेखनीय संग्रह है जिसमें उनके द्वारा लिए गए गढ़वाली भाषा के चर्चित लेखकों के साक्षात्कार हैं। जबकि उन्हीं की पुस्तक 'बीं' में 31 गढ़वाली लेखकों, कवियों की पुस्तकों की समीक्षाएँ संकलित हैं। विभिन्न पत्रिकाओं में लगभग सभी चर्चित पुस्तकों की समीक्षाएँ विद्वान लेखकों द्वारा प्रकाशित हुई हैं। साथ ही संस्मरण, आत्मकथा, जीवनी, किस्से भी पत्र-पत्रिकाओं में ही प्रकाशित हुए हैं। यह कहना भी समीचीन होगा कि गढ़वाली में शब्दकोश, भाषा विज्ञान, लोक साहित्य की वृहद व्याख्या पर बहुत उल्लेखनीय कार्य हुआ है।

1.5 अभ्यास प्रश्न

1. गढ़वाली में बाइबिल का अनुवाद कब हुआ?
2. प्रथम गढ़वाली कहानी 'गढ़वाली ठाट' के लेखक कौन थे?
3. प्रथम गढ़वाली नाटक व उसके लेखक कौन थे?
4. गढ़वाली के प्रथम उपन्यास का नाम लिखिए।
5. गढ़वाली में सर्वाधिक व्यंग्य लिखने वाले व्यंग्यकार कौन हैं?
6. 'धियाणी कैलाश बिदै' किसका यात्रा वृत्तांत है?
4. 'जोनि पर छापु किलै' कथा संग्रह के कथाकार कौन हैं?
8. 'चाँठौं का घ्वीड़' के लेखक कौन हैं?

1.6 सारांश

गढ़वाली गद्य साहित्य अत्यन्त प्राचीन है। गढ़वाली गद्य के अन्तर्गत सबसे पहले बाइबिल की कथाओं का गढ़वाली में अनुवाद हुआ जो आज से 200 वर्ष पहले 1820 में न्यू टेस्टामेन्ट व 1876 में 'गोस्पेल ऑफ मैथ्यू' का अनुवाद ऐतिहासिक शुरूआत है। सन् 1913 में 'गढ़वाली ठाट' नाम से पहली कहानी, 1911 में 'जय विजय' नाटक, 1940 में पहला उपन्यास 'ब्यळमू-ब्यूराळ' प्रकाश में आये। इनके अतिरिक्त गढ़वाली भाषा में यात्रा वृत्तान्त, संस्मरण, साक्षात्कार, निबन्ध, व्यंग्य, समीक्षा आदि विधा भी उपलब्ध हैं। इन सभी साहित्यिक कृतियों में आंचलिकता का गहरा प्रभाव है। गढ़वाल के समाज, संस्कृति, सभ्यता सहित तमाम सामाजिक सरोकारों का बखूबी चित्रण गढ़वाली गद्य में मिलता है। खास तौर पर यहाँ के निवासियों का मृदुल स्वभाव, सहजता, सरलता, देशभक्ति, पराक्रम, सत्यनिष्ठा, परिश्रम, श्रमसाध्य जीवन, खैरी, खुद आदि अनेक विशेषताएँ यहाँ के साहित्य में स्वाभाविक रूप से

देखी जा सकती हैं। संख्या व गुणवत्ता के आधार पर कहा जा सकता है कि गढ़वाली का गद्य साहित्य समृद्ध साहित्य है।

1.7 शब्दार्थ

पंवाड़ा- वीर गाथा, स्वांग- नाटक, बाद्दी, ढाकी, मिरासी- लोक कलाकार जो गा-बजाकर व नाटक खेलकर अपनी आजीविका चलाते थे, रैबार- संदेश, आणा, पखाणा, भ्वीणा- लोकोक्तियां व मुहावरे, उमाळ- उबाल, न्यूतेर- मेहमान (शुभकार्यों में), आंछरी- परियाँ

अभ्यास प्रश्नों के उत्तर- 1. 1820, 2. पं० सदानन्द कुकरेती, 3. जय-विजय-पं० भवानीदत्त थपलियाल, 4. ब्यळमू ब्यूराळ, 5. नरेन्द्र कठैत, 6. जगमोहन सिंह बिष्ट, 7. मोहन लाल नेगी, 8. कन्हैयालाल डंडरियाल

1.8 संदर्भ ग्रन्थ

1. गढ़वाली भाषा और उसका साहित्य- डॉ० हरिदत्त भट्ट 'शैलेश'
2. गाड म्यटेकि गंगा- अबोधबन्धु बहुगुणा
3. हुंगरा- मदन मोहन डुकलाण व गिरीश सुन्दरियाल
4. उत्तराखण्ड की लोकभाषाएँ- डॉ० अचलानन्द जखमोला

1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1. गढ़वाली भाषा की कहानी के उद्भव से लेकर अब तक के प्रमुख कहानीकारों के योगदान का उल्लेख कीजिए।
2. गढ़वाली नाट्य विधा में लोक नाट्य का महत्व बताइए।
3. कहानी तथा नाटक के अतिरिक्त गढ़वाली की अन्य गद्य विधाओं पर प्रकाश डालिए।

इकाई-2

गढ़वाली कहानी- 'गाणि'- दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल

(Gaani- Durga Prasad Ghildiyal)

इकाई संरचना

2.1 प्रस्तावना

2.2 उद्देश्य

2.3 दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल का संक्षिप्त परिचय

2.4 अभ्यास प्रश्न

2.5 'गाणि' कहानी

2.6 अभ्यास प्रश्न

2.7 सारांश

2.6 शब्दार्थ

2.8 संदर्भ ग्रंथ सूची

2.9 निबंधात्मक प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

पारिवारिक सम्बन्धों की गहरी पड़ताल करती कहानी है 'गाणि'। कहानी के केन्द्रीय पात्र घनश्याम के संघर्ष और त्याग की बेमिसाल गाथा है यह कथा। साहूकार कमलु शाह के कर्ज में बुरी तरह डूबे अपने बेटे की खुशहाली के सपने को साकार करने की गाणि (सपना) है। घर गाँव के जनजीवन का सजीव चित्रण करती हुई यह मानवीय मूल्यों को परखने वाली कथावस्तु है। पारिवारिक दायित्वों का मरते दम तक निर्वहन करना एक आम नागरिक का खास लक्षण है। यह विशेषता इस कहानी में आसानी से देखी जा सकती है।

अभावग्रस्त व विकट पारिवारिक परिस्थितियों से जूझते हुए भी हार न मानना घनश्याम की अजेय जिजीविषा को दिखाता है। कहानी में जहाँ एक ओर घनश्याम का उदात्त चरित्र है तो दूसरी ओर औतार सिंह का उदार चरित्र। घनश्याम की बहन कुन्ती और बेटे सत्तु के अलग-अलग चरित्रों के साथ भी कहानी प्रभाव छोड़ती है। कुल मिलाकर यह एक साधारण परिवार की असाधारण कहानी है।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप:-

- साहित्य की कहानी विधा से परिचित होंगे।
- समाज में आम आदमी की स्थिति को समझेंगे।
- मानवता और आपसी भाईचारे का महत्व जानेंगे।
- पहाड़ के बुजुर्गों की वास्तविक पीड़ा को समझेंगे।

2.3 दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल का संक्षिप्त परिचय

दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल का जन्म 06 नवम्बर, 1923 को पंदाळ्यूं, पट्टी- कुटिलस्यूं, जिला पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। ये कक्षा 10 पास करके दिल्ली आ गए और सरकारी सेवा करने लगे। दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल ने गढ़वाली साहित्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके तीन कहानी संग्रह गारि (1984), म्वारि (1986) तथा ब्वारि (1987) प्रकाशित हुए। इनका 'उच्याणो' नाम से एक गढ़वाली उपन्यास भी प्रकाशित है। इन्होंने 75 से अधिक गढ़वाली कहानियाँ लिखीं। इनकी कहानियों में उत्तराखण्ड के ग्रामीण जीवन की झलक दिखती है। इन्होंने कुछ गढ़वाली कविताएँ भी लिखीं, जिन्हें इन्होंने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित भी किया। इनका देहान्त 25 जुलाई, 2001 को दिल्ली में हुआ।

2.4 अभ्यास प्रश्न

1. साहित्यकार दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल का जन्म कब हुआ?
2. लेखक के पहले कहानी संग्रह का नाम लिखें।
3. साहित्यकार दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल लिखित उपन्यास का नाम बताइए।
4. कहानीकार दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल की मृत्यु कब हुई?

2.5 कहानी- 'गाणि'

पूसौ मैना छौ। मंसूरि बिटि नारायण भै, शिमल्या बिटि धनसिंह चचा अर पौड़ी बिटि मंगतराम दादा द्वि-द्वि मैनौं कि छुट्यूं मा घौर आयां छया। एक दिन सि तिन्नि घनश्याम सिंह भै का चौक मा मंदरि बिछैक तड़तड़ा घाम मा बैठीक खट्टा-मिट्ठा लिम्बों कि खटै सौत राळी खाणा छया। कातिका मैनौ सौत इबारि दां का जलोटा बिरौण मा चार पाथा निकळि छौ। घनश्याम भै का कूड़ा परैं। अर तैं खटै मा बि राळि छौ वेन। छुइयों कु सिलसिला चलणू छौ।

"म्यरा लाटो सत्तु इनो त नि छयो पर पता नि कै दुश्मना मन कि ह्वे कि दैव न बि वेकि मति ख्वे द्ये। तुम लोग जाणदा हि छयां कि कना-कना दिन खेने मिन तै सत्तु दगड़ि। एक का बाद एक, तीन

ब्यो कन्ना बाद सु ह्वे छयो त पैलि अपणि ब्वे तैं छै मैना भितर-भितर खै गे। उबारे वीं से पैलि मि चल जांदो त या जिकुड़ि झर्र-झर्र त नि रौंदि कन्नी। ब्वलदा नि छन कि रांड-मूंड का छोरौं का दिन ऐ जांदन पर बिना माँ का छोरौं कु क्य भरोसो। स्या बात मि दगड़ि खपणि छ। सो तीन साल होंदन, ये बीच कमलु शाह तैं मुक्क नि दिखै सकणू छौं।" इनौ बोलिक घनश्याम न खटै कु पत्ता चाटीक उंदो चुलायि।

"सूण भै घनश्याम! मि बीस साल बिटि मास्टरगिरि कन्नू छऊं। त्यारा सत्तु जना भौत नौना मि मा पढ़ीन। क्वी भौत बड़ा आदिम बण गेने अर क्वी घर मा हौळ-फोड़ बण्यां छन। सु सत्तु मिन 'अ' 'ब' से लेकि मिडिल तलक पढ़ाये। त्वे से जादा मि वे पछाण्दु। वो इनो चंट बच्चा छ कि अपणि जिंदगि मा मार नि खाण्या कबि। परसे तै पल्या गौं का गोबिंद पटवालौ नौनु बि मिलि छयो। सु दिल्ली बिटि छुट्टि लेकि घौर आयूं छ। अपणा यूं ओरा-धोरा का चारि-पांचि मधि दिल्ली नौकर्यूं पर छन वूं सब्यूं मा सत्तु कि हालत सबसे सुंदर छ। नौकरि त सबि सुंदर कन्ना छन बल पर सु बड़ा-बड़ा लोक्खु का हातु हि हातु मा रौंद बल।" इनो ब्वलिक मंगतराम दादान तमखु कि सोड़ मारि होक्का अगनै सरकै द्ये। स्य बात घनश्यामा गौळा नि गे। वो ब्वन लगे, "लोग सुद्दि-मुद्दि मा दुसरौं कु मजाक उड़ौंदन। म्यरा सत्तु कु बड़ि मुश्किल मा दस पास कर्यूं छ अर सु गोबिंद पटवालौ लड़ीक बी० ए० पास छ त कमै-धमै तैकि जादा होलि कि सत्तु कि? अजी अपणि अकल अर दुसरौं को पैसा सब्यूं तैं जादा दिखेंद।"

द्वियों कि बात सूणिक नारायण सिंह भै ब्वन लगिन, "अरे भुला घनश्याम त्वे याद हो न हो, मिन तै सत्तु मु उबारे ब्वलि छौ कि ब्यटा न कोच न कोच मुसदुंळ्यूं हात। ह्वे सकद वख गुरौ बैठ्यां होवन पर तैन हमारि बिल्कुल नि माणि अर वे साल दस मा रहि गे छयो त अगनै पढ़ून छौ। पर जु दुसरों कि मत्ति का होंदन तौंका तनि लच्छण होंदन। अरे, यु कु ब्वलणु छ कि जै गांधी, जै नेहरू ब्वलन पर। लोगुन त सम्हाळि यालिन बड़ि-बड़ि कुर्सि अर सि छन फिक्वाळ-सीं बण्यां दिल्ली फुंडो। सुंदर पढ़ूयूं-लिख्यूं रौंदु त कनि नि मिलदि तै बि क्वी छ्वट्टि-म्वटि कुर्सि तै झंडा बोकणै।"

घनश्याम भै बोलण लगे, "हां भैजि ठीक बोलणा छयां। निर्भगि बि कखि भग्यान होयां। निर्भग्युं को जनम निर्भग्युं का घौर अर भग्यानु को भग्यानु का यख हि होंद।' तौं द्वीइ भैयों कि बत्ता मंगतराम दादा गौळा नि गे। ब्वन लगिन, "चुचौं वेका बनिस्बत तिन्नि साल मा तुमुन तनो फैसला सुणै द्ये पर मि अबि बि सु हि ब्वन्नु छौं कि त्वे घनश्याम कि मवासि अर ये गौं को नौं तैन हि ठड्यौण ह्वा!" तिन्युन अपणा-अपणा जुत्ता पैरिन अर अपणा घौरु चल गेने। घनश्यामन मंदरि लपेटे अर डिंड्याळा मा अगेठा पर आग सुलगौण लगे।

कुन्ती, घनश्याम अर नारायण सिंह कि एकि बैण छई अर एकुला घौर ब्यवाई छई। पर भाग जब ठीक नि छयो त बीसौं वर्ष वींको सुहाग भाग जांदो रये। घनश्यामै तिसरि जनानि बि जब तै सत्तु तैं छै मैनो छोड़ी चलि गये त कुन्ती न ऐकि अपणा भै-भतिजा तैं सम्हाळै। आज तलक वा ये वास्ता खुसि-खुसि काम धंधा मा मस्त रौंदी छई कि वींन अपणा भै कि मवासि जागदी करीं छई। पर कुछ दिन बिटि

अपणा भै तैं मुरझायूं देखी डरणी रौंदी छै कि कखि बुढ़ापा मा वींका भाग मा अपजस त नि लिख्यूं छ। हैंका दिन घाम औण तलक घनश्याम सियूं रै गे। रातभर पता नि कैं चिंता मा निंद नि आई पर बिन्सरि मा झपकि ऐगे वे तैं। कुन्ती का उठौण पर उठे अर दिसा-फिरागत का बाद गाड बिटि नहे-ध्वे कि एक बंठि पाणि लैगे। कुन्ती न तबार तलक भात बणै यलि छयो अर भात खाणू बोले।

वेन बोले, "भुलि, तु भात धौर अर मि तबारे संध्या कर लेंदु।" गिलास पर वेन पाणि गाड़े अर रुसाड़ा मा हि चौकला मा बैठ गये संध्या कन्नौ। आचमनि करे, जन्द्यो निकाळे अर गुण-मुण पता नि क्या श्लोक ब्वलीन अर बाद मा ताळि सि बजै द्वीइ हातुन, अर ह्वेगे बल संध्या। गिलास परौ पाणि सगोड़ा चुलै द्ये अर हौरि पाणि गाड़ि खाणू बैठ गये। भाता द्वी-चार गफ्फा मारि होला वेन कि कैन खुंटि मा लाठिन खुट-खुट करे अर भटेक बोले, "हे भितर करौं, मि बि ऐ गयूं भै भात खाणू।" कमलु शाहै बाच सूणै पछाणि घनश्यामन अर बोले, "बैठा-बैठा शाह जी औणू छऊं द्वी-चार गफ्फा मारिई।" उल्टा-सुल्टा भाता गफ्फा मारिन अर हात छळे कि ऐ गे भैर घनश्याम। कमलु शाह न बि भात खायि अर भैर डिंड्याळा मा तमखु पेण बैठिन। कुन्ती न भात कखै खाण छयो। जु बच्यूं छयो वु कमलु शाह कि प्वटगि चल गे छौ। वींन चूने द्वी र्‌वट्टि बणैने अर खै-पेकि बौण चलि गे।

अबि-अबि मि तै गोबिंद पटवाला यख बिटि औणू छऊं। वेको लड़िक घौर आयूं छ। सत्तु कि भारि कमै-धमै छ बल दिल्ली मा नौकरी अलग अर शाम-सुबेर कै ठेकेदारी काम बि करद बल दिल्ली मा सु भै-चचा, अब त करि द्या मेरो हिसाब-किताब। द्वी मैना बाद मेरि नौनि का ब्यो को दिन जुड़्यूं छ अर मि पैसों कि भारि जर्वत छ। सब्यु कु हार-सार चलणू रहो त ठीकी छ। तुमुन सात सौ रुप्या ली छया। गंठखुलै बि मिन उबारे नि काटि छै। बारा रुप्या सैकड़ा का हिसाब से मियाद औण पर एक हजार गंठखुलै समेत होंदन। सु चचा, खोला खींसा अर यु अपणा कर्जे चिट्ठी सम्हाळा। कमलु शाहै बात सूणिक घनश्याम न मोण लटकै द्ये अर बोलण लगे, "शाह जी, इबारे त मि लाचार छऊं पर जनु मि लेणौ ऐ छयो उन्नी मुंड टेकी देणू बि औलु। बात सिरफ देर-सबेर कि छ। आज हि मि वेकु चिट्ठी भ्यजदु अर पैसा मंगौंदूं।" कमलु शाह ब्वलण लगे, "भै चचा, तुमारो सत्तु रुप्या भेजु न भेजु पर चिट्ठी कि मियाद द्वी मैना भितर-भितर औण वाळि छ। तबारे तलक रुप्या नि मिल्य त नियम मुताबिक मि तैं नालिस कन्न प्वड़लि। मि तैं नौ न धरिन। तीन साल भौत होंदन अगर कै तैं रुप्या लौटौणै चांट हो त।" कमलु शाह न लाठि उठायि अर चलि गे अपणा घौर।

घनश्याम न चिट्ठी पर चिट्ठी भेजिने सत्तु कु तैं, पर हे राम, जु कैको जबाब आई होव। मियाद खतम होणै चिंता मा वे तैं न रात निंद अर न दिनौ भूख छै। अपणा दगड़्यों मु हात ज्वड़िन कि वेकि कूड़ि-पुंगड़ि कुड़क होण से बचै देवन पर सिरप मंगतराम दादा न चार-पांच सौ देणु कु भरोसो दिलाये। वेन अपणा भै नारायण सिंह मु बि मददा वास्ता हात फैलायि पर भै बिगळ्या अर सोरा होया। रुप्या देणै बात त अलग रहि, वेन सल्ला द्ये कि "घौर मा क्य धर्‌यूं छ? कुन्ती अर वु चलि जावा दिल्ली सबि सामान लेकि रुप्या ह्वे जाला त भेजि देयां कमलु शाह कु तैं निथर कूड़ी कुड़क होलि बि

त क्य हात लगण तै कमलु शाह का। द्वी-चार क्वन्ना अर खालि कुठार हि त हात लगला वेका।" घनश्याम खौळे गे अपणा भै कि तन्नि कुकर्मि सल्ला देण पर। आखिर दिल्ली जाणौ क्वी दगड़ो ढुंढण बैठे घनश्याम। आखिर मा गोबिंद पटवाल का नौना दगड़ि दिल्ली जाणौ फैसला करे।

चार दिन बाद दिल्ली कु पैटण पर वेन कुन्ती मा बोले, "भुलि, मि सिरफ पाँच-दस दिन मा घौर आई जौंलो, चा रुप्या मिलुन या ना।" गोबिंद पटवालौ नौनु औतार सिंह, घनश्याम तैं अपणा मकान मा पुराणि दिल्ली ली आये। सत्तु नई दिल्ली रौंदु छौ। हैंका दिन दफ्तर जांदि दां औतार न बोले, "बडा जी तुम आराम करा, मि सत्तु कु तैं दफ्तर बिटि टेलीफोन करलो अर शाम तलक वो जनो ब्वललो उन्नि करला। या त वो आप तैं लेण कु आई जालो या मि छोड़ यौंलो वेका घौर" टेलिफोन कन्न पर पता चले कि सतेसिंह तीस दिनै छुट्टी पर ग्वालियर जायूं छ अर बीस दिन बाद आलो। घनश्याम न जब तनो सूणे त खौळेगि वो। उनो औतार अर वेकि ब्वारि न भारि सेवा करे घनश्यामै। द्वी दिन बाद घनश्याम कि उठपोड़ देखिक औतार न बोले, "बडा जी चला थोड़ा घूमी-फिरि औला अर रस्ता मा खुलिक छुंई-बत्ता लगौंला। आप भौत परेशानी मा सीं दिखेणा छयां।" द्वी घूमणौ निकळिन। औतार न बाटा फुंड घुम्दो-घुम्दो पूछे "बडा जी, अब बतावा अपणा दिलै बात कि आप ततना परेशान किलै छयां। ज्वा बि आपै परेशानि छ मि दूर कन्नै कोशिश करलो।"

घनश्याम न डब्ळायीं आँख्युं अर भर्या गौळा न बोले, "बेटा, मेरि परेशानि इनि छ कि वीं क्वी नि हटै सकदु। ये बुढ़ापा मा अपणि कूड़ि-पुंगड़ि अर मान-मर्यादा जांदै द्यखणु छऊं। कमलु शाह को बोलणु ठीकै छ कि तीन-चार साल भौत होंदन रुप्या लौटौणा, अगर कैकि नियत साफ हो अर मन मा चांट। अगर आज से पंद्रा दिना भितर मिन कमलु शाह का एक हजार रुप्या नि लौटायां त वेन नालिस कन अर कूड़ि-पुंगड़ि त जु कुड़क होणी होलि स्य त होलिइ पर आज तकै म्यारि बंद मुट्ठी खुल जालि अर अगनै का सबि काम ठप्प ह्वे जाला। मि झूठो अर ध्वक्काबाज ब्वल्योंलो। लोग बोलला कि उकाळ काटी सरपट मन्नू छ सु घनश्याम।" "बडा जी, तुम चिंता नि करा मि द्योलू तुम सणि वो हजार रुप्या अर सत्तु का औण पर अप्वी मांगदु मि अपणा रुप्या वे से।"

औतार सिंह न घनश्याम तैं नई-पुराणि दिल्ली घुमाये। एक-द्वी सिनेमा दिखैन अर तिसरा दिन घौर का वास्ता तय्यार करिन। रुप्या देंदि दौं वेन बोले, "बडा जी, गैणल्या सि सौ-सौ का दस नोट। सि त धूरि लगैने तै कमलु शाह का अर यि सौ रुप्या तुमारा घौर जाणौ खर्च-पर्च। ये पारसल मेरा बाबा मु दे देयां अर यु धोति-कुर्ता कुन्ती पूफू तैं मेरि तरफ न दे दियां। हाँ, एक बात त जरूर छ कि तौं एक हजार रुप्यों कि बात न मेरा बाबा बतौणि अर न तै कमलु शाह मू। कैन जाण्न लगाय कि सत्तु तुम वख नि मिल्यो। बल्कि कुन्ती पूफू मा बि इन्नि ब्वलिन कि यु धोति-कुर्ता सत्तु कु हि भेज्यूं छ। किलैकि जनानों मा बोलि बात हवा जन उड्द। अगर य बात मेरा बुबा पता चललि त वूंन मि पर खौं-बाग बण जाण। किलैकि इबारे म्यरा घौर जाण पर पैसों कि कमी का कारण वो सेरा कि एक फांगि खरीद नि करि सक्यां। पता नी आप पुराणा लोक्खु तैं पुंगड़ा खरीद कन्नौ किलै जि छ? जबकि लोग वख बेची-खुची

भैर कोठी बणौणा छन। रुप्यों का बाना मि मा बोले त मिन खीसा हिलै देने। बग्त-बेबग्त का वास्ता सि धर्या छया त आप तैं दे सकणू छऊं।" हैंका दिन वेन घनश्याम तैं गाड़ि मा बैठायि अर चैन कि सांस ल्ये।

बीस-तीस दिन बाद औतार एक एत्वार कु सत्तु तैं मिलणू गे नई दिल्ली। भाग न वो वे दिन घौर पर मिलि गे। सेवा-सौंळी का बाद औतार न बोले, "हे भै सत्तु त्वे खोजणौ अर भगवान खोजणौ बराबर छ। हम सु दिल्ली मा छवां पर उठणो-बैठणो अर खाणो-पीणो त कख छयो, मिलदा बि नि छवां। चला हम दुसरा गौं का छवां पर बडा जी वु ततना बर्सु बिटि तिन एक चिट्ठी तक नि भेज्यो। आखिर तेरा चुप रौण से कना मा काटणन तौंन अपणा बुढ़ापा दिन। हम बि सासा लग्यां रौंदा कि तु कबि अपणि तरौं हम तैं बि खैंचलि उब्बो। तेरि ततना जाण-पछाण छ बड़ा-बड़ा लोक्खु दगड़ि।" सत्तु सुण्नू रये औतारै रग्ड्वात। थोड़ि देर सुण्ना बाद वेन बोले, "भैजी, कनि छुई लगौणा छयां तुम। तुम तैं बी० ए० तलक चचा न पैलिइ पढ़ायूं छयो। मि त सुरु अब कन्न लग्यूं। दिल्ली भेजदि दौं म्यरा बाबा न बोले छौ कि अनपढ़ मनखि बिना पूछ को गोरु होंद। वूंन मि तैं दस तलक खैंच-ताणी पढ़ै सके अर बोले अब अगनै अप्वी पौढ़-लेख। सु वूंका बोलणा मुताबिक तीन साल मा नि खै, नि पैरि! नौकरि बि कन्नू छऊं पर पढ्नू बि छऊं। ग्वालियर बिटि बी० ए० को इम्त्यान देकि औणू छऊं। कनो, पढ़ै पर खर्चा नि होंदो? रहि बुबा जी कि बात, सु भैजि रोणै वूंकि पुराणि आदत छ। बोला कि चला फुंडा मि दगड़ि त वो बोलदन कि जब तलक स्या कुन्ती अर वो बच्यां छन घौर नि छोड़ सकदा। वूंकि हरेक चिट्ठी मा मेरा ब्यो कन्नै बात होंदि जबकि अबि हम पर कमलु शाह को पुराणो कर्ज चढ्यूं हि छ। जबाब मि ये वास्ता नि देंदु कि कखि वूंका पुराणा विचारू अर म्यरा विचारू मा टकराव न ह्वे जाव। जबाब नि मिलणौ दुख एकीइ द पर जबाब अनेक ह्वे जाण छवा। खैर, आप सुणावा क्य हालचाल छन गौं-गौळा का।" जब वेन सूणै कि वेका बाबा जी दिल्ली ऐने, वे मिलणा वास्ता अर वे तैं न मिल सकणा कारण भौत परेशान रैने त वे भारि नखरु लगण बैठे। यख तलक कि कै परेशानि का कारण वो वेकि वापसि तलक नि रुक सक्यां। वेन यु अंदाज लगाये कि ह्वे सकदा कि वेका ब्यो का सम्बन्ध मा वूंन कै जबाब द्ये होलो अर जब जबाब वे से नि मिल्यो त जुबान से हारणा बाना परेशान ह्वे गे होला। बात आई-गई ह्वेगे।

लगभग दस मैना बाद पूसौ मैना आई गये। ये बीच घनश्याम न लोक्खु मा सूणे कि वेको लड़ीक बी० ए० पास ह्वेकि अगनै वकालतै पढ़ै पर जुट्यूं छ अर नौकरि मा बल वेकि तरक्कि बि ह्वे गे। एक दिन औतार नौकरि पर जाण कु तय्यार ह्वेयि सकि छौ कि वे तैं एक तार मिले। कांपदा हात्तुन वेन तार खोले अर पौढ़ी खौळैगे वु। लिख्यूं छयो, 'घनश्याम जांदो रहे, वेका नौना सत्तु तैं झट्ट घौर भिजवाया- गोबिंद पटवाल।' नौकरि पर जाण का बदला औतार सीधो नई दिल्ली सत्तु मा पौंछे अर वे तैं तार दिखाये। सत्तु न रोइ-रोईक धर्ति-अगास एक कर द्ये। औतार न वे सम्हाळे अर बोले, "अब त भुला

रोण-धोण से काम नि चलणो। झट तय्यार हो अर दिनै मोटर से घौर चल। मि बि त्वे दगड़ि चलदु। ज्यूंदा मा अगर वूंका वास्ता कुछ नि करि सक्यां त म्वर्यां मा त आत्मा वूंकि शांत करणै छ।"

सि द्वी बजि कि मोटर मा बैठे गेन घौर जाणौ। सर्या बट्टा वो चुप छया। सत्तु तैं त दुख अपणा सिर को छत्र, बाबा जी का जाणौ रहि होलो पर औतार तैं यांको दुख छयो कि कखि वेकि पोल-पट्टी न खुल जाव। तिमला का तिमला खतेया अर नंगी का नंगी दिखेया। कना मा करलो वो ठाडो मुक्क अपणा बाबा जी का सामणे, अगर वु लुक्यां-छिप्यां वेका कर्मु को पता चललो त? हैंका दिन सुबेर जब सि द्वी श्रीनगर बस अड्डा पर उतरिन त गोबिंद पटवाल, कमलु शाह, नारायण सिंह अर पड़ोसि गौं का भला-भला मनख्यूं तैं पौड़ी जाण वाळि गाड़ि कि इंतजारि करदो पायि। एक-एक करिक सब्यूं न सत्तु तैं धीरज रखणु बोले। जब काफी देर तलक गाड़ि नि आयि त सबि पैदल गौं का बाटा लगि गैने।

कमलु शाह ब्वन लगे, "सच मान्यां त इनो मनखि त द्वी-चार गौं मा न छयो अर न अब होण। जबान को पक्को अर नाता-रिस्ता मुताबिक सब्यूं को औ-बैठो कन्न वाळो छयो। तै चचा न भारे खौरि का दिन काटीन। लोक्खु का खुट्टौं ठोकर लगद, वेका मुंड ठोकर लग्दु रैने पर मजाल छ कि वेन मरजाद नि निभै होव सबका साथ। अरे, पढ्यूं लिख्यूं त वो इतना नि छयो पर जब बि बाच गडदु छौ त फूल झड़दा छा वेका गिच्चा बिटि। मि याद छ कि जै दिन वो मेरा रुप्या लौटौण कु दस ग्यारा मैना पैलि मेरा घौर ऐ छौ त एक हजार रुप्या सूद समेत मेरा हात मा धारीइ बोलण लगि छौ ब्यटा, जन मि कर्ज गाड़नु आयि छयो उन्नि सु देण बि ऐ गयूं। कर्ज दिये जांद पर बग्त परै करीं मदद कबि नि लौटै सकेंदि। तिन उबारे मदद नि करी होंदी त मेरा सत्तु न घौर मा हळफोड़ हि रहि जाण छयो। आज वो मनखि बणि गे। यु सब तेरा रुप्यों का प्रताप छ।" इनो बोलिकि वेन कोटा बौंळा न अपणा भर्य्या आँखा पुंजिन। मि इनि गासि लगि अबारे कि वे से तीन साल को ब्याज अर गंठखुलै लेणो हराम समझण लग गयूं। मिन वेकि कर्जे चिट्ठी अर तीन सौ रुप्या वापस करीन। बड़ि हो-हुज्जत का बाद वो रुप्यों लेणौ राजि ह्वे। कख बिटि जुटै होला वूंन सि एक हजार। ये घंघतोळ मा पड्यूं चलणू रये वु लोक्खु दगड़ि।

वांका बाद गोबिंद पटवाल बोलण लगे, "घनश्याम भै का पंचभूत शरीर तैं हम वखि मा सौंपी कि आज सि औणा छवां पर हे रे मनखि! कख गे त्यारो वो लाड-प्यार। आज से द्वी मैना पैलि एक दिन आयि मेरा घौर। बोलण लगे, भुला गोबिंद तेरि स्या लंबि-चौड़ि कुटुमदारि छ। भगवान तौं चिरंजीव रखो। मेरा देखण से त्वे मा एक सेरा टुकड़ा साग-भुज्जि खाणो चयेन्दु हि छ। मिन बोलि छौ, भैजि चाहणु त मि बि तनि छयो पर जब सु औतार माणु बि। यांका वास्ता एक पैसा देणौ तय्यार नि छ सु। मिन क्य जि कन्न? घनश्याम भै न ब्वलि छौ, भुला, घौर मा हम द्वी प्राणि छवां। हम मा सेरा-पंचर अर उखड़ि जमीन भौत छ। कैन खाण-लगौण लगाय ततना जमीन। सु फिलहाल म्यरो सेरा को मुल्यो फांगो लेकि काम चलैले। पैंसा को हिसाब होंदो रालो। मिन सु भै भौत समझाये कि बिना औतार पुछ्यां मिन तनो नि कन्न त बोलण लगिन कि कनु मि वे औतारो बोडा नि छौं। वे मनौणौ काम मि अर वख जैकि वीं सेरा कि फांगि को एक हजार रुप्यों मा खरीदनामा अर बयनामा तय्यार कर द्ये। तुमी लोग बतावा,

बिना रुप्यों कि लेणी-देणी का, करि छ कैन आज तलक इनो। यु त वी मनखि छौ हर एक पर विश्वास कन्न वाळो।" अपणा बाबै बात सुण्नू रै औतार ध्यान से। बाद मा वेन अपणा आँसु पूंजीक इतना हि बोले- "बडा जी, तुम तैं सीधो स्वर्ग मिलो अर तुम अमर रयां।"

एक-आध घंटा मा सबि गौं पौंछि गेन। थोड़ा देर सत्तु करौंका घौर मा ठहरिक सबि अपणा-अपणा घौरु चल गेन। भितर ऐकि सत्तु न पूफू पर अंग्वाळ मार द्ये। रोंदो-बिबलौंदु वेन पूछे, "हे पूफू, किलै जाण देने तिन मेरा बाबा। क्य तबियत खराब होय वूंकि, मि तैं मुखजातरा कन्नौ मौका बि नि द्ये वूंन।" पूफू न सत्तु सम्हाळे अर बोले, "सि त्वेकु चिट्ठी लेखणौ बैठ गेने। वूंकि स्या आखिरि चिट्ठी लिखीं छई पर वीं डाकखाना मा डाळ्न से पैलि अफु अचणचक चल गेने फुंडो। जख मा चिट्ठी लेखि छई वखि मा मोण लटकै दे वूंन।"

पूफु न चिट्ठी द्ये सत्तु मा। लिख्यूं छयो, "ब्यटा जिन्दगि मा मिन ज्यां-ज्यां कि गाणि करीन वो अगनै-पिछनै भगवान न पूरि करिने। बुबा होणा नाता मि से जु कुछ ह्वे सके मिन त्वेकु कमि नि होण द्ये पर मन मा एक्कि गासि लेकि शायद मि चल जौलो कि तिन मेरा चिट्ठौं कु मान नि कर्यो। मिन रुप्या-पैसों को कर्ज एक-एक पैसा वापिस करे पर जौंन मेरि बग्त पर मदद करि वूंको मि ऋण कना मा चुकौलु या मन कि मनै मा हि रहि गये। स्वचणू छऊं कि तै ब्यटा औतार दगड़ि मेरो इनु जि क्य रिस्ता छौ जैन बिना चिट्ठो-इस्टाम का अपणा बाबा से लुकैकि म्यरि एक बात पर एक हजार रुप्या मेरा हात मा धरि देने अर मि तैं उऋण कर द्ये। मि मा यां का अलावा कुछ नी छ कि मि सच्चा से वे अपणो आशीर्वाद दे सकूं। मेरो सच्चो ब्रह्म होलो त तैका बच्चों का खुट्टौं कांडा तक न बैठ्यां। बिचारि माँ त्यारि त्वे सात मैना कु छोड़ीइ चलगे छई अर धर्म की माँ रूपी तैं भुलि कुन्ती न त्वे माँ को प्यार द्ये। घट्ट का पाट कि तरौं, ई कूड़ी जागदी रखण का बाना वा पिसेणी रये। क्य दे सक्यां हम वीं तैं? वींको बुढ़ापा न बिगचो सु ख्याल रखी अर अपणो ब्यो करिक वींकु तैं दगड़ि कर द्ये। यां से जादा वीं चएंदु बि नि छ। तेरा ब्यो कि बातचीत मिन कठूड़ ठाकुर थानसिंह जी कि नौनि का विषय मा करीं छ। तु बि देख-भाळ लेई। अरे, बुबा कर्यूं ब्यो अर अपणा पैसा कबि ध्वक्का नि देंदा।" चिट्ठी मालूम होंद पूरि नि ह्वे सकि होली कि वांका बाद सिरफ लिखणौ प्रयास मा रेखड़ा खैंच्या छया चिट्ठी पर। चिट्ठी पैढ़ी वेकि आँख्यूं मा तरपर-तरपर आंसु चूंण लगिन। गाणि, हर मनखि अपणा-अपणा ढंग से करद। सत्तु स्वचणु छयो कि वेकि अर बाबै गाणि कन्ना पैथर होण-खाणै हि बात छई, पर स्वचण का ढंगा कारण वो हार खैगे अर वेका बुबा जी जीति गेन।

द्वी साल बाद गौं-गौळा मा खबर पौंछे कि सत्तु न सरकारि नौकरि छोड़ याले अर एक नामी वकील बणि गे। दाना-दिवाना ब्वन्ना छा यो सब घनश्याम भै कि गाण्यूं को फल छ।

2.6 अभ्यास प्रश्न

1. कहानी 'गाणि' के अनुसार घनश्याम के बेटे का नाम क्या था?

2. घनश्याम का बेटा कहाँ रहता है?

3. घनश्याम ने किससे रुपए ब्याज पर लिए?

4. किसने रुपए देकर घनश्याम की मदद की?

2.7 सारांश

सशक्त कहानीकार दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल की यह एक पारिवारिक कहानी है। कहानी का मुख्य पात्र घनश्याम एक विधुर व्यक्ति है जो चरित्रवान है। तीन शादी के उपरान्त भी उसे पारिवारिक सुख प्राप्त नहीं हुआ। उसकी विधवा बहन कुन्ती भी उसी के साथ रहती है। उसकी तीसरी पत्नी सत्तु को जनते ही चल बसती है। जिसका लालन-पालन वह और उसकी बहन कुन्ती करते हैं। अपने विवाह से लेकर सत्तु की पढ़ाई-लिखाई व पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए वह सेठ कमलु शाह से कर्जा ले लेता है किंतु मियाद पूर्ण होने पर चुका नहीं पाता। क्योंकि वह बहुत ईमानदार और वचन का पक्का व्यक्ति है इसलिए कमलु शाह से एक हजार रुपए कर्जा चुकाने के लिए वह सर्वदा चिन्तित रहता है। अन्ततोगत्वा वह अपनी बहन कुन्ती को कहता है कि अब तो मेरा लड़का सत्तु कमाने लग गया है। मैं उसके पास दिल्ली जाकर रुपए मांग लाता हूँ और कर्जा चुका लेता हूँ। वह औतार सिंह के साथ दिल्ली जाता है किन्तु वहाँ पता चलता है कि सत्तु एक महीने के लिए ऑफिस के काम से बाहर गया है। वे दोनों बड़े निराश होते हैं। घनश्याम औतार सिंह को पूरी रामकथा सुनाता है। औतार द्रवित हो जाता है। वह सत्तु का दोस्त है। वह कहता है आप फिकर न करो ताऊजी। मैं दूंगा आपके एक हजार रुपए। दो-तीन दिन दिल्ली घुमाने के बाद वह घनश्याम ताऊजी को एक हजार तथा रास्ते का अतिरिक्त खर्चा देकर विदा करता है। घनश्याम घर आकर कमलुशाह का कर्जा उतारता है। वह यह भी जानता है कि सत्तु औतार के रुपए नहीं लौटा पाएगा। घनश्याम के पास बहुत सिंचित खेत हैं। वह एक बड़ा सिंचित खेत औतार के नाम करके उसके पिता गोविंद पटवाल से कहता है कि मैं भी तो उसका ताऊ हूँ। मैं उससे तय कर लूंगा। यद्यपि वह औतार से पहले एक हजार रुपए ले चुका था। इस तरह वह अपनी निष्ठा को अमर कर जाता है। यह भेद उसकी मृत्यु पर उसके लिखे एक पत्र से खुल जाता है। सभी उसकी ईमानदारी व सच्चाई की प्रशंसा करते हैं।

2.8 शब्दार्थ

लिम्बा- गलगल, सौत- शहद, मुसदुळ्यूं- चूहे के बिल, अछलेण- अस्त होना, बिन्सरि- प्रभात, प्वटगि- पेट, तमाखु- तम्बाकू, गंठखुलै- साहूकार द्वारा कर्जा देते समय थैली की गांठ खुलाई के बदले वसूल की जाने वाली रकम, नालिस- न्याय के लिए आवेदन, भै बिगळ्या अर सोरा होया- भाइयों के बंटवारे के पश्चात् निकट सम्बन्धी दूर के हो जाना, डब्ळायीं आँखि- नम आँखें, उकाळकाटी सरपट- स्वार्थ सिद्धि हो जाने पर भूल जाना।

कहानीकार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- 1. 06 नवम्बर, 1923 , 2. गारि (1984), 3. उच्याणो, 4. 25 जुलाई, 2001

कहानी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर- 1. सत्तु, 2. दिल्ली 3. कमलु शाह, 4. औतार सिंह ने।

2.9 संदर्भ

1. 'गारि'- दुर्गा प्रसाद घिल्डियाल
2. हुंगरा- मदन मोहन डुकलाण एवं गिरीश सुंदरियाल
3. गाड म्यटेकि गंगा- अबोधबंधु बहुगुणा

2.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1. 'गाणि' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखें।
2. इस कहानी में कहानीकार ने पहाड़ की किस पीड़ा को उकेरने का प्रयास किया है? कहानी के आधार पर तब व अब के समय का तुलनात्मक विवरण लिखिए।

इकाई-3

गढ़वाली कहानी- 'हेडमास्टर हिरदैराम' भगवती प्रसाद जोशी

(Headmaster Hirdairam- Bhagwati Prasad Joshi)

इकाई संरचना

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3 भगवती प्रसाद जोशी का संक्षिप्त परिचय

3.4 अभ्यास प्रश्न

3.5 'हेडमास्टर हिरदैराम' कहानी

3.6 अभ्यास प्रश्न

3.7 सारांश

3.8 शब्दार्थ

3.9 संदर्भ ग्रंथ सूची

3.10 निबंधात्मक प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

देशकाल वातावरण का असर और क्षेत्रीयता का प्रभाव साहित्य पर किस तरह पड़ता है इसका अनूठा उदाहरण है यह कहानी। पहाड़ों की शिक्षा व्यवस्था अध्यापकों के दो चरित्र, गुरु-शिष्यों के अन्तर्सम्बन्धों को बहुत रोचकता के साथ गूँथा गया है। कथा के माध्यम से ऐसे चरित्रों की सृजना की गई है जो कहानी को वैशिष्ट्य व वैराट्य प्रदान करते हैं। कथा में कसी हुई कथावस्तु, पात्रों का चरित्र-चित्रण दर्शनीय है। यह कहानी पहाड़ी ढलानों में निर्बाध रूप से बहते झरने की तरह है। कहानी तत्वों के आधार पर यह गढ़वाली भाषा की एक श्रेष्ठ कहानी है। कहानी के मुख्य पात्र हेडमास्टर हिरदैराम एक कर्मनिष्ठ अध्यापक हैं। वे अपने शिष्यों से अगाध प्रेम करते हैं किन्तु पठन-पाठन, अनुशासन के मामले में बहुत कड़क हैं। दूसरी तरफ हरकमणि और सिताब सिंह हैं जो उनसे विपरीत ध्रुव के हैं। अन्ततः उन्हें परिश्रमानुकूल फल मिलता है किन्तु हेडमास्टर हिरदैराम कहीं भी अपने आदर्शों व कर्तव्यों के साथ समझौता नहीं करते हैं। उनका स्वाभिमान, अनुशासन विपरीत परिस्थितियों में भी नहीं बदलता। इसीलिए यह एक शिक्षाप्रद व आदर्श कहानी मानी जाती है।

3.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान सकेंगे कि-

- कहानी विधा से किस तरह समाज को जागृत किया जा सकता है।
- शिक्षा के महत्व को जान सकेंगे।
- अच्छे शिक्षक के गुणों से परिचित होंगे।
- एक शिष्य के अपने गुरु के प्रति आदर को समझेंगे।

3.3 भगवती प्रसाद जोशी 'हिमवंतवासी' का संक्षिप्त परिचय

पौड़ी जनपद की पट्टी पैडलस्यूं के ग्राम जोश्याणा में सन् 1927 को भगवती प्रसाद जोशी जी का जन्म हुआ। सरकारी नौकरी के बावजूद आप ताउम्र गढ़वाली की सेवा करते रहे। उनकी पुस्तक 'एक ढांगा की आत्मकथा' सात गढ़वाली कहानियों का संग्रह है। आपका लिखा गढ़वाली खण्डकाव्य 'सीता बणवास' भी काफी लोकप्रिय रहा जिसका प्रकाशन आपकी मृत्यु के बाद हुआ। 20 अप्रैल, 1988 को हृदय गति रुकने से आपका निधन हुआ।

3.4 अभ्यास प्रश्न

1. साहित्यकार भगवती प्रसाद जोशी का जन्म कहाँ हुआ?
2. भगवती प्रसाद जोशी का उपनाम क्या था?
3. साहित्यकार की सात गढ़वाली कहानियों के संग्रह का नाम क्या है?
4. भगवती प्रसाद जोशी द्वारा लिखित खण्डकाव्य का नाम बताइए।

3.5 कहानी- 'हेडमास्टर हिरदैराम'

जीवन की किसी सामान्य परिस्थिति से नाटक अपनी बात शुरू करता है और घटनाचक्र को इस तरह संजोता है कि चमत्कारिक ढंग से आवरण हटता है। ऐसा ही कुछ इस नाटक में भी होता है। गढ़वाली के बेहतरीन नाटककारों में ललितमोहन थपलियाल का यह नाटक कौतूहल व हास्य व्यंग्य से ओतप्रोत है। नाटक का मुख्य पात्र बैदराज एक अनुभवी व प्रतिष्ठित वैद्य व ज्योतिषी है। जिनके पास गाँव का ही रिटायर्ड फौजी हरसिंह प्रश्न (गणत) करवाने आता है। क्योंकि दो दिन से उसका खाडू (नर भेड़) कहीं लापता है। बैदराज अंदाजन बताते हैं कि तेरा चौपाया (चार पैर वाला) खोया है। उसे शक होता है कि गाँव के अराजक तत्व नत्था व मंगसीरु की हरकत हो सकती है यह। तभी बैद जी के पास तुलसीराम व परमानन्द आते हैं जो रात को शिकार खाने की बात स्वीकारते हैं। साथ ही कहते हैं कि शिकार हमें नत्था ने दी। हरसिंह पहले तो तुलसीराम व परमानन्द पर गुस्सा करता है किन्तु नत्था, मंगसीरु का नाम सुनकर उनकी खोज में निकल पड़ता है। तुलसी व परमानन्द बैदजी से हरसिंह के कोप से बचाने की प्रार्थना करते हैं। बैदराज जी भी सोचते हैं कि यह इन नत्था व मंगसीरु की ही करतूत है। किन्तु कुछ पल बाद पुनः हरसिंह का प्रवेश होता है हाथ में खून से सनी खुकरी लिए। वे समझते हैं कि नत्था व मंगसीरु का काम तमाम हो गया है। किन्तु हरसिंह कहता है, गुरुजी मिल गया वो जिसकी मैं खोज में था, याने खाडू, वह धान के कोठार के पीछे छुपा रहा और कल से धान खाता रहा। उसने बहुत नुकसान किया। मैं लाया उसे बाहर और एक ही चोट में सिर धड़ से अलग। इस तरह एक हास्य-व्यंग्य से लबरेज नाटक का पटाक्षेप हो जाता है। अपनी कसी हुई कथावस्तु, बेजोड़ चुटीले संवाद, उच्चकोटि का पात्र चरित्र चित्रण व देश काल वातावरण का गहरा प्रभाव नाटक को एक सफल नाटक सिद्ध करते हैं।

7.8 शब्दार्थ

खरल- पत्थर की कुंडी जिसमें दवाई पीसी जाती है, रेखड़ा- रेखाएँ, चखन्यो- मजाक, अंक्वे- भली भाँति, जुगता- वास्ता, उतोळि- उतावलापन, गरु- भारी, बडा जी- ताऊ जी, निर्मस्या- शाकाहारी, गाळि- गाली, निथर- नहीं तो, मुंडळि- सिर।

नाटककार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- 1. 1920 में ग्राम श्रीकोट पट्टी खातस्यूं जिला पौड़ी गढ़वाल, 2. इलाहाबाद विश्वविद्यालय, 3. 'खाडु लापता', 'अंछर्यू कु ताल,' 'एकीकरण' 'घरजवैं' और 'दुर्जन की कछड़ी', 4. 2005

नाटक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- 1. हरसिंह का 2. बैदराज के पास 3. मीट और 32 रोटियाँ, 4. कोठार (लकड़ी का बना अनाज भंडारण हेतु बक्सा) में।

7.9 संदर्भ

1. खाडू लापता अर अन्य नाटक- ललितमोहन थपलियाल

7.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1. इस नाटक का सारांश अपने शब्दों में लिखें।
2. नाटक में आये प्रमुख चरित्रों का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में करें।

इकाई-8

यात्रा वृत्तांत- 'धियाणी की कैलाश बिदै'- जगमोहन सिंह बिष्ट

इकाई संरचना

8.1 प्रस्तावना
8.2 उद्देश्य
8.3 जगमोहन सिंह बिष्ट का संक्षिप्त परिचय
8.4 अभ्यास प्रश्न
8.5 धियाणी कैलाश बिदै
8.6 अभ्यास प्रश्न
8.7 सारांश
8.8 शब्दार्थ
8.9 संदर्भ ग्रंथ सूची
8.10 निबंधात्मक प्रश्न

8.1 प्रस्तावना

यात्रा वृत्तांत गद्य साहित्य की एक विशिष्ट विधा है, जो जीवन के अनुभवों व संघर्ष का ताना-बाना बुनती है। ऐसी ही एक उत्कृष्ट कृति है यात्रा वृत्तांत 'धियाणी कैलाश बिदै'। भारतीय जन-जीवन में नारी को अत्यंत सम्मान दिया गया है। यहाँ के पुरातात्विक अवशेष- वैदिक ऋचाएँ, उपनिषदों के छंद, पुराणों के श्लोक हमारे लोक-जीवन में नारी के उच्च स्थान का यशोगान करते हैं। यहाँ तक कि ईश आराधना में भी बिना शक्ति (नारी) के शिव को शव की संज्ञा दी गई है। यही शक्ति दुर्गा, काली, चामुण्डा, कात्यायनी, त्रिनेत्रा, नंदा आदि नाना रूपों में देश के विभिन्न भू-भागों में पूजित रही है। उत्तराखण्ड में शक्ति का नंदा रूप आराध्य है, परन्तु यहाँ नंदा मात्र आराध्या व पूज्या ही नहीं है अपितु उससे बहन, बेटी व बहू के रूप में तादात्म्य स्थापित किया गया है। आराध्या देवी के साथ आराधकों का ऐसा रिश्ता शायद ही किसी और समाज में विद्यमान हो।

जात, जात्राएँ या यात्राएँ भारतीय संस्कृति के ऐसे तत्व रहे हैं जो लोगों को जोड़ने और उनको एक-दूसरे के निकट आकर जानने, समझने के अवसर प्रदान करते रहे हैं। देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में हम इसके विभिन्न रूप देखते हैं। बंगाल में हमें नंदा की ही पर्याय शक्ति रूपी दुर्गा या काली की जात्राएँ देखने को मिलती हैं तो पश्चिम में महाराष्ट्र में गणपति बप्पा की प्रतिमा विसर्जन के विशाल अनुष्ठान दृष्टिगोचर होते हैं। उत्तराखण्ड के इस भू-भाग में हमें सामूहिकता व परस्पर मिलन का यह अनुष्ठान देवी-देवताओं की उत्सव यात्रा के रूप में दिखाई देता है। नंदा के उत्सव या नंदा राजजात

इनमें से एक है। नंदा राजजात उत्तराखण्ड के लोक जीवन में नंदा के प्रति गहरी आस्था एवं श्रद्धा की द्योतक है। नंदा एक चेतना है और उस चेतना की प्रतिध्वनि है उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाली नंदा राजजात।

यह यात्रा वृत्तांत आस्था, विश्वास, रहस्य, रोमांच, कौतूहल से सराबोर विश्व की सबसे लम्बी ऐतिहासिक नंदा राजजात के अनुभवों एवं पड़ावों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ सुंदर रोमांचक व्याख्या है। अप्रतिम रोमांच व रहस्य से ओत-प्रोत यह यात्रा वृत्तांत जितना कौतूहल भरा है उतना ही प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय अवलोकन भी है। यह हमारी सनातन संस्कृति का एक अविस्मरणीय अन्वेषण है।

8.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपः-

- यात्रा वृत्तांत साहित्यिक विधा से परिचित होंगे।
- यात्रा वृत्त में किन-किन बातों को समायोजित किया जाना चाहिए, जान पायेंगे।
- इस यात्रा वर्णन के माध्यम से नन्दा राजजात यात्रा को समझ पायेंगे।
- इस यात्रा वृत्तांत के माध्यम से उच्च हिमालयी भौगोलिक परिस्थितियों को समझ पायेंगे।
- नन्दा राजजात के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व को जान पायेंगे।

8.3 जगमोहन सिंह बिष्ट का संक्षिप्त परिचय

साहित्यकार जगमोहन सिंह बिष्ट जी का जन्म 27 जून, 1955 में ग्राम- डुंक, पट्टी- असवालस्यूं, जनपद- पौड़ी गढ़वाल में हुआ। आपके पिताजी का नाम श्री हरक सिंह बिष्ट व माता जी का नाम श्रीमती बिन्दी देवी है। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव में ही हुई। आपने 1974 से 1990 तक भारतीय सेना में रहकर देश सेवा की। सेना से सेवानिवृत्ति के पश्चात् उत्तराखण्ड आंदोलन में एक आंदोलनकारी के रूप में प्रतिभाग किया। एक राज्य आंदोलनकारी के रूप में कई बार जेल भी गए। आपने एक शिक्षक के रूप में 1996 से 2016 तक अपनी सेवा दी। शिक्षण से सेवानिवृत्ति के पश्चात् वर्तमान में आप साहित्य व समाज सेवा में लगे हुए हैं। आपकी प्रकाशित कृति हैं- कर्च-कबर्च (गजल संग्रह), अपणा-अपणा रूपकुण्ड (गीत, गजल संग्रह), धियाणी कैलाश बिदै (यात्रा वृत्तांत)।

8.4 अभ्यास प्रश्न

1. साहित्यकार जगमोहन सिंह बिष्ट का जन्म कब हुआ?
2. जगमोहन सिंह बिष्ट ने कब से कब तक सेना में अपनी सेवा दी?

3. साहित्यकार जगमोहन सिंह बिष्ट के गजल संग्रह का नाम बताइए?

4. साहित्यकार के प्रथम यात्रा वृत्तांत का नाम लिखिए?

8.5 धियाणी कैलाश बिदै- (बेदनी बिटि पातर नचौण्या)

फजल को उदंकार फैल्यूं छ। घैणु कुयेड़ु लग्यूं छ। मन कुछ अशान्त छ। काश! यु कुयेड़ु नि लग्यूं होंदु त जरूर हिंवाळि चुलंख्यूं का दर्शन ह्वे जांदा। इन बोलदन कि जख चाह वख राह। रंग बदलदा मौसम मा तेज बथौं का दगड़ा सर्र... असमान कि कुयेड़ि फटै अर आँखों का सामणि छौ मन तैं सम्मोहित कन्न वाळो अर कबि नि भुलेण वाळो दृश्य। नंदा घुंघटि की जरा सीं कराळि दिखेण वाळि चुलंखि कन चमकि घाम मा चम्म। अर वींका चौतिर्प रिटदु धुआं जनु छितर्यूं बादळ। आँख्यूं का सामणि एक इनु दुश्य जु स्वर्गै तृप्ति दीण वाळो छौ, पर केवल कुछ पल कु। फिर वी कुयेड़ि कु राजपाट।

साढ़े दस बजि गेन। पूजा-अर्चना का बाद भगौति का जयकारा अर शंखै लम्बि आवाज। राजजात समिति का अध्यक्ष कुंवर राकेश अर महामंत्री श्री भुवन नौटियाल जी न पूजा-अर्चना का बाद जातरा तैं बिदगि दे। स्वास्थ्य परीक्षण मा हाई ब्लडप्रेसरा कारण ऊंतैं ऐथर कि जातरा पूरि कन्नै अनुमति नि मिलि। जातरै बिदगि कैरिकि वु द्वी लोग वाण कु वापस मुड़ि गेन। अब कुंवर तेजेन्द्र सिंह सुपुत्र अ०प्रा० कर्नल कुंवर लक्ष्मण सिंह जी जु डिफेंस कॉलोनी, देहरादून अर मैकडी इस्टेट कुमौं का बाशिंदा छन, अध्यक्षौ कार्यभार संभाळला। भुवन नौटियाल जी का सुपुत्र अतुल नौटियाल जी, जु एक इंजिनियर छन, अब राजजात समिति का महामंत्री कु दायित्व पूरो करला। फल्दिया बिटिन होमकुण्ड कुनियाल बामण भगौति कि पूजा करदन। 78 वर्षा हरिदत्त कुनियाल जी जौंन वर्ष 1951, 1968, 1987 अर 2000 मा भगौति कि पूजा-अर्चना करे, अपणि धर्मपत्नी का निधन होणा कारण यीं बार पूजा कन्न से वंचित रै गेन।

लाटू द्यबतै अगुवाई मा जातरा शुरू होण से पैलि डोलि-छंतोळ्यूं अर देवरथ कि पूजा-अर्चना करे गे। नौटि का म्यूण्ड तैं पेट खराबि का कारण हैली से भिजीं दवै पिलये गेन। कुछ दूर चढ़ै का बाद प्राथमिक शिक्षक संघ देवाल, चमोली गढ़वाल कु शिविर लग्यूं छ। ये शिविर मा जातर्यूं तैं भुज्यां चणा, इलायची आदि कु परसाद वितरण होणू छौ। एक अच्छि खबर सेवा-भाव कि। निथर शिक्षा विभागा बारा मा अच्छि खबर सुण्नौ कंदूड़ तरसि जांदन। लोग ऐथर बढ़णा रैन अर हर्कि-फर्कि कि दूर छुटदा बेदनी का मखमलि रूपौ आनंद बि लेणा रैन।

जरा-जरा कैरिकि उकाळि का बाटा पर जीमन मा हुयां बदलौ बि साफ दिखेणा छन। गोळ-मटोळ ढुंगौं कि जगा लम्बि-चौड़ि पठाळ्यूंन लियालि। ई पठाळि कै जमाना मा भयंकर भ्यूंचळु अर दुसरि अन्य उथल-पुथल कि देन छन। भैर का दबौ अर रुकणै वजह से कै समै मा बड़ि-बड़ि परतदार चट्टानु से टुटिक ई बड़ि-बड़ि पठाळि बणि होलि। यूं का बीच मा जमीं छ उच्च हिमालै वनस्पति तांतड़ी अर बनि-बनि का जंगळी फूल। तांतड़ि एक छ्वटा आकारै वनस्पति छ, पर येका हैरा, लाल, काळा रंगा पत्ता जमीन मा चिपक्यां इन दिखेणा छन जन मैदानि इलाकु मा सागवान का पत्ता दिखेंदन। उतगै गोळ,

बड़ा अर मनमोहक। ढलान का ढलान भर्यां छन तांतड़ि का पत्तोंन। कुदरतौ करिस्मा छ यु इतगा ऊंचै पर चौड़ा पत्तों कु जंगळ। तांतड़ि तैं भगौति कु वस्त्र मणै जांद। ये कारण से लोग यीं वनस्पति तैं श्रद्धा से दिखदन। पर कैन आज खबर फैलै दे कि ये कि जड़ खाण से सांस नि फुलदि। धन्य छन अफवाह फैलाण वाळा। गतानि गति को लोकः। नतीजा ये तैं खुदण कि मारामारि अर बाटा ओर-पोर यूं पौधौं को अकारण छटाफोळ।

घोड़ा लट्ठि धार तक लगातार चढ़ै छ। मौसम साफ नी छ। कुछ-कुछ देर बाद बरखा हूणी छ अर कुयेड़ि लगीं छ। इख बिटिन एक बाटु सुतोल को अर हैंको आली बुग्याळौ निकळ्द। अब पातर नचौण्या तक पूरु बाटो लदां-लदां छ। बेदनी से ऐथर पूरु बाटो बरखा से कचीलन भर्यूं छ। बीच मा एक जगा एस०डी०आर०एफ० का जवान स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट अर बायोमैट्रिक रजिस्ट्रेशन कन्ना छन। पर इन लग कि येकि अनिवार्यता को जो प्रचार कर्ये गे छो वे मा क्वी दम नी। किलैकि क्वी बि जातरी रुकि नी। हालांकि 26 अगस्त बिटिन सुरु प्रक्रिया मा नंदकेसरी, लोहाजंग अर वाण मा मोबाइल वैन नि होण से बेदनी मा जातर्यूं को बेरिफिकेशन कर्ये गे। पर भौत सारा जातरी पंजीकरण नि करै साका। मिन एक वृद्ध महाशय तैं पूछि 'बडा जी! स्वास्थ्य परीक्षण ह्वेगे,' त वूंको जबाब छौ 'अजि कख लग्यां छौं। बयासी वर्षै उमर मा आप लोगु दगड़ हिटणू छौं। ये से बड्डु फिटनेस सर्टिफिकेट हौर क्य ह्वे सकद।' बात मा बि कुछ दम छैं छौ। खराब मौसम अर भगौति का जयकारों का बीच जातरा लगभग साढ़े तीन बजि पौंछिगे आजा पड़ौ पातर नचौण्या।

देवरथ (चौसिंग्या खाडु) कि तब्यत अब कुछ ठिक छ। वु अब जुगार लग्यूं छ अर मूर्ति जनि बड़ि-बड़ि शिलौं तैं देखणू छ। सैद क्वी पुराणु दृश्य वेकि यादु मा धुंधळाणू छ कि कई छोलदर्यूं का बीच मा एक बड़ि छोलदरि तणी छ। द्वार पर द्वी सिपै खड़ा हुयां छन। सज्यां तख्त मा राजा जसधवल बैठ्यूं छ। सोमरस घटकयेणू छ। साजिन्दा बैठ्यां छन। सारंगि का दिलकश स्वर हवा मा रस घोळणा छन। पखावज पर कहरवा का बोल बजणा छन। जातरै परम्परा अर नियमों को घोर उल्लंघन होणू छ। पातरों तैं नाचणौ आदेश ह्वेगे। ठुमरी का बोल गूंजणा छन। वु गोळ घेरा मा नाचणी छन। भैर सरग पर घनघोर बादळ लग गेन। गर्जन-तर्जन होणू छ। कुयेड़ि पागल ह्वेकि रौल्यूं अर डांडि-कांठ्यूं तैं भेंटणी छ। चाल बादळों का गौळै हंसुळि बणी छ। भयंकर ढांडु पुड़ण बैठगे। बजर गिरण से जगा-जगा जमीन मा दरार पड़णी छन। ह्यूं कि चादरि बिछण बैठि गे। भ्याळु बिटिन बड़ा-बड़ा जमडांग लमडण लगिन। आछर्यूं को किकलाट मच्यूं छ। फींडा बसण बैठ गेन। इनै रास-रंग पूरि रंगत मा छ। भौत बढ़िया, सुंदर कि आवाज सुणेणी छन। उनै अचणचक धर्ति डुलण बैठि गे। चट, चट, चट चटां.....। एक भयंकर किटकताळ पुड़द अर गोळ घेरा मा नाचण वाळि पातर (नर्तकी) जोगमाया का कोप से ढुंगौं मा बदलि जांदिन। सैद इनि ह्वे होलु।

समोदरै सतह बिटि 3650 मी० ऊंचै पर बसीं यीं जगा को नौं निरालि धार छ। अपणा नौं का अनुरूप य जगा सचि मा निरालि छ। जागरों मा वर्णन औंद कि नौवीं सदी मा कन्नौजौ रज्जा जशोधवल अपणा

राज्य मा देव दोष निवारण वास्ता अपणि राणि बल्लभा, नौनु जड़ील का दगड़ा भगौति नंदै जातरा मा ऐ। राजा दगड़ि पूरु लाव-लश्कर छौ। यीं जगा पर पौंछिक रज्जन दगड़ा मा अयीं नर्तक्यूं को नाच करै। जातरा नियमू को उल्लंघन होण से नंदा भगौति कुपित ह्वे अर पातरों तैं शिला मा बदल दे। गोळ घेरा मा नाच करदि शक्ल मा यि शिला आज बि यीं जगा पर मौजूद छन। तब बिटि यीं जगौ नौं पातर नचौण्या पड़गे। नंदा भगौति को प्रकोप ऐथर बि हूंद अर पैलि राणी बल्लभा अर बाद मा सर्या लाव-लश्कर ज्यूंरागळि बिटि रूपकुण्डा ओर-पोर बर्फीला तूफान मा दबि जांदन। मनख्यूं का कंकाल रूपकुण्ड मा आज बि मौजूद छन।

मुख्य पगडंडि बिटिन लगभग 300 मीटर तौळ जातरी कैम्प बण्यूं छ। इख मा तीन-चार बड़ि-बड़ि खल्याण जनि थौळ छन। आस्का लाइटै व्यवस्था छ पर जातर्यूं का हिसाब से पर्याप्त छोलदरि नि छन। अपणि छोलदरि लगौण को बि सै जगा नि मिलि। पूछण पर पता चलि कि चार हजार जातरी पैलि ऐथर बढ़ गेन। हमुन बि ऐथर बढ़णौ प्लान बणै दे। आज ये पड़ौ मा एस.डी.आर.एफ. को भण्डारो लग्यूं छ। वूंका तीन गोळ टिन शेड बणयां छन। फिर बरखा मा भिजद-भिजद हम अगनै बढ़ ग्यों।

चढ़ै अर बुग्याळौ चिपचिपु माटौ बाटु। वनस्पति कम होंद जाणी छ। बुग्याळौ विस्तार अबि चलणू छ, पर घास का रूप रंग मा बदलौ छ। उंदार मा तांतड़ि को एक छत्र राज होयूं छ। दूर बांज-बुरांसै जंगळु सीमा-रेखा दिखेणी छ। रौल्यूं मा कुयड़ि पसरीं छ। जंगळु कि सीमा अर बुग्याळो मिलान इन दिखेणू छ जन घोड़ै नांगि पीठ पर वेकि मोणै अयाळ मिलीं हो। अब ऐथरौ बाटु नाकै चढ़ै जन छ। यीं जगा कु नौं छ कुर्रम ताळी। यानि इख बिटिन बुग्गि घास पर ताळु लगगे। यु बुग्याळ कु आखिरि किनारु छ। पांच सौ मीटर खड़ि चढ़ै का बाद एक सैणु तप्पड़ छ। तप्पड़ का सुरु मा पूज्य गणेश जी कि मूर्ति छ।

अपणि कैलाश जातरा मा यीं जगा पर भगौति नंदा न जातर्यूं कि पिड़ा कम कन्नौ विघ्न विनाशकै स्थापना करि। मूर्ति कु शिल्प सुंदर अर रंग काळु छ। काळा रंगा कारण यूंको नौं कलवा विनायक बोल्ये जांद। रिद्धि-सिद्धि का देव विनायक तैं सिंदूर को टीका, घी को लेप अर भ्यल्लि कु भोग चढ़ये जांद। खड़ि चढ़ै का बाद यीं सुंदर जगा मा पौंछिक इन लगद जन विनायक जीन स्वस्ति बचनु से सब पळेख दूर करि दे होलि।

कलुवा विनायक बिटिन भगुवाबासै तरफ बड़ा-बड़ा पौड़ का बीच बरीक पगडंडि छ। लम्बा-चौड़ा अर सैणा पठळा कै समय मा यीं जगा पर हुयीं जमीनी उथल-पुथल कि तरफ संकेत करणा छन्न। जरा-जरा कैरिक हवा मा एक मादक खुशबु फैलणी छ। अर यु क्य! दूर-दूर तलक चौतिर्प फूल हि फूल। जी हां, जू फूल कागजु मा देख्या अर पाढ़ा छा। देवपुष्प ब्रह्मकमल। उत्तराखण्डौ राज्य पुष्प। भगुवाबासा क्षेत्र ब्रह्मकमलौं तैं परसिद्ध छ। मान्यता छ कि भगौति नंदौ वाहन बाघ बि जातरा दगड़ि छौ। ऐथर हिमालय कि कठिण चढ़ै देखी भगौति नंदान बाघ तैं यी जगा मा रुकणौ आदेश दे। अर यीं जगौ नौं पड़िगे 'भगुवाबासा'। जनै आँखि घुमा फूलै-फूल। छोळदरि लगाणौ फिर जगै तलाश। मिल हि गे एक बढ़िया जगा। एक सपाट, गोळ अर सुरक्षित पठाळ जैं मा आठ लोग आराम से पड़ि सकदा छा। येका ऐंच

छोळदरि ताड़िकि रात विश्राम कर्‌ये गे। य पठाळ इतगा बड़ि अर सुंदर छै कि हमेशा स्मृति मा रैंदि। पठाळा चौछ्वड़ि खिल्यां ब्रह्म कमलु का दगड़ा एक रात बितौणौ एक सौभाग्यशाली अर कबि नि भुलेण वाळो मौका।

8.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर (यात्रा वृत्तांत के आधार पर)

1. लेखक को हिमालय की कौन-सी चोटी के दर्शन हुए?
2. राजजात की अगुवाई कौन-सा देवता करता है?
3. कन्नौज का कौन-सा राजा सपरिवार नन्दा राजजात में आया था?
4. किस कुण्ड के आसपास नरकंकाल आज भी मिलते हैं?

8.7 सारांश

यात्रा वृत्तांत के अंतर्गत जगमोहन सिंह बिष्ट कृत 'धियाणी कैलाश बिदै' एक अद्‌भुत रहस्य और रोमांच से भरपूर वृत्तांत है। यह वृत्तांत उत्तराखण्ड की लोक देवी नंदा की मार्मिक कथा का एक अंश मात्र है। प्रस्तुत लेख नंदा राजजात के अंतर्गत बेदनी बुग्याल से पातर नचौण्या और भगुवाबासा तक का विस्मयकारी वृत्तांत है।

प्रातःकालीन समय है। चौमास यानी वर्षा ऋतु है। रिमझिम बारिश। चारों ओर हरियाली। लम्बे-चौड़े मखमली बुग्याल, ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं पर जगह-जगह कहीं हल्का तो कहीं घना कोहरा छाया हुआ है। जैसे ही कोहरा छंटता है विहंगम प्रकृति के दर्शन होते हैं। आँखों को स्वर्गीय अनुभूति होती है। भगवती के जयकारों के साथ यात्रा बेदनी से पातर नचौण्या के लिए निकल पड़ती है। लाटु देवता की अगुवाई में यात्रा शुरू होने से पूर्व चौसिंग्या खाडू, डोली व छंतोली की पूजा की जाती है। आगे-आगे चौसिंग्या खाडू चलता है, उसके पीछे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जैसे ही खड़ी चढ़ाई पर यात्रा बढ़ती है प्रकृति एवं उसके उपादानो में बदलाव साफ देखा जाता है। अनेक प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियाँ व वनस्पतियों का भण्डार हिमालय खजाना खोले बैठा दीखता है। रंग-बिरंगे फूल, विविध प्रकार की वनस्पतियाँ विशेषतः ढलानों पर लहलहाते 'तातड़ि' के पत्ते जिन्हें नंदा के वस्त्र माना जाता है, यात्रियों को बरबस अपनी ओर खींच लेते हैं। मार्ग में जगह-जगह मेडिकल कैम्प तथा सहायता कैम्प भी दिखाई पड़ते हैं।

समुद्रतल से 3650 मीटर की ऊँचाई पर स्थित निराली धार 'यथो नाम तथो गुण' निराली है। इस स्थान पर इधर-उधर बड़ी-बड़ी शिलाएँ बिखरी पड़ी हैं जो माना जाता है कि नंदा के कोप से राजा यशोधवल के साथ आयी नृत्यांगनाएँ मृतप्राय शरीर हैं। पौराणिक आख्यानों के अनुसार नवीं सदी में कन्नौज का राजा यशोधवल अपनी रानी बल्लभा एवं बेटे जड़ील तथा बेटी जड़ीली और प्रजा के साथ नंदा की यात्रा पर इस हिमालयी क्षेत्र में आये थे। किंतु इस पवित्र स्थान पर पौराणिक मान्यताओं व आस्था के

विरुद्ध राजा ने पैशाचिक व्यवहार किया। यहाँ पातरों (नृत्यांगनाओं) का नृत्य करवाया। जिससे माँ नंदा उन पर कुपित हो गई और उन्हें शापित कर शिलाओं में बदल दिया। इस स्थान को तभी से 'पातर नचौण्या' कहा जाता है। नंदा भगवती इतनी कुपित हुई कि पातर नचौण्या से आगे जाकर रूपकुण्ड नामक स्थान पर आये बर्फीले तूफान में राजा-रानी सहित सभी दफन हो गए। आज भी इस स्थान पर अनेक नरकंकाल इसके प्रमाण हैं।

पातर नचौण्या से आगे खड़ी चढ़ाई के बाद कलुवा विनायक स्थान है। यहाँ गणेश की काले रंग की पाषाण प्रतिमा है। इससे आगे रूपकुण्ड से पहले भगवाबासा स्थान है। माना जाता है कि अपने वाहन बाघ को माँ नंदा ने अत्यंत कठिन रास्ता होने के कारण यहीं रोका था इसलिए यहाँ का नाम भगुवाबासा पड़ गया। इस स्थान पर चारों ओर दिव्य पुष्प ब्रह्मकमल खिले दीखते हैं जिससे यह स्थान बड़ा मनोहारी लगता है।

8.8 शब्दार्थ

हिंवाळि चुलंख्यूं- हिमालयी चोटियों, कुयेड़ि- कोहरा, तांतड़ि- एक उच्च हिमालयाी वनस्पति, पातर नचौण्या- वह स्थान जहाँ पर कन्नौज के राजा यशधवल ने अपने मनोरंजन के लिए नृत्य करवाया था जिससे देवी के प्रकोप से सारी नर्तकियाँ पत्थर बन गई थीं, तभी से इस स्थान का नाम पातर नचौण्या कहा जाता है, बुग्याळ- हिमालयी घास के मैदान।

रचनाकार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- 1. 27 जून, 1955, 2. 1974 से 1990 तक, 3. कर्च-कबर्च, 4. धियाणी कैलाश बिदै।

यात्रा वृत्तांत पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- 1. नंदा घुंघटी चोटी के, 2. लाटू देवता, 3. राजा यशधवल, 4. रूपकुण्ड के आसपास।

8.9 संदर्भ

1. धियाणी कैलाश बिदै- जगमोहन सिंह बिष्ट
2. मध्य हिमालय में नंदा देवी के उत्सव एवं जात परंपरा: नंदा राजजात- रमाकान्त बेंजवाल

8.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1. आपके द्वारा की गई किसी भी एक यात्रा का विवरण विस्तृत रूप से लिखें।
2. इस यात्रा का सार अपने शब्दों में लिखें।

इकाई-9

'आर-पारै लड़ै' (व्यंग्य)- नरेन्द्र कठैत (Narender Kathait)

इकाई संरचना

9.1 प्रस्तावना
9.2 उद्देश्य
9.3 नरेन्द्र कठैत का संक्षिप्त परिचय
9.4 अभ्यास प्रश्न
9.5 व्यंग्य- 'आर-पारै लड़ै'
9.6 अभ्यास प्रश्न
9.7 सारांश
9.8 शब्दार्थ
9.9 संदर्भ ग्रंथ सूची
9.10 निबंधात्मक प्रश्न

9.1 प्रस्तावना

गढ़वाली गद्य में व्यंग्य एक नवीन विधा है। यद्यपि पिछली सदी में गढ़वाली व्यंग्य लिखे गये किंतु इस सदी में व्यंग्य का फलक व्यापक हो गया है। व्यंग्य गद्य की अन्य विधाओं से सर्वथा भिन्न विधा है। जिसमें साधारणतया कथा, नाटक आदि के संवाद व दृश्य भी दिखते हैं तो कविता का पुट भी। अतः व्यंग्य में दोनों विधाओं का रसास्वादन किया जा सकता है। यह पाठक की दृष्टि व जिह्वा पर निर्भर करता है। आम तौर पर व्यंग्य सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वासों, कुप्रथाओं, अपसंस्कृति आदि के कटाक्ष हों सिर्फ ऐसा नहीं है। वरन् आज व्यंग्य राजनैतिक जनचेतना, तमाम सामाजिक सरोकारों की मजबूत पैरवी करते दिखाई देते हैं। वे एक ओर ईमानदारी की स्तुति करते हैं तो दूसरी ओर भ्रष्टाचार की खाल खींचते हैं। उपरोक्त समस्त विशेषताओं का सशक्त उदाहरण है प्रख्यात व्यंग्यकार नरेन्द्र कठैत का व्यंग्य 'आर-पारै लड़ै'। यह व्यंग्य यहाँ के लोक की धरती से उपजता है। कहीं फूल बनकर खुशबू बिखेरता है तो कण्डाली की झपाग भी लगाता है। अपनी माटी के प्रतीकों से यहाँ के समाज का सजीव चित्रण करता है जिसमें तथ्य है, तर्क है, दर्शन है तथा संचेतना है। ठेठ अपने लोक की अनेक विसंगतियों, समस्याओं को परस्पर राग-द्वेष, वर्चस्व के संघर्ष को मुखरित करता है यह व्यंग्य। व्यंग्य की विषयवस्तु के इस विस्तृत स्वरूप के आधार पर कहा जा सकता है कि यह व्यंग्य बाण है तो औषधि भी है जो कि व्यंग्यकार की सफलता है।

9.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपः-

- साहित्य की व्यंग्य विधा से परिचित होंगे।
- व्यंग्य लेखन की बारीकियों को समझ सकेंगे।
- समाज की आपसी खींचतान को प्रतीकों के माध्यम से समझ पाएंगे।
- हमें समाज में किस तरह रहना चाहिए यह समझ पायेंगे।

9.3 नरेन्द्र कठैत का संक्षिप्त परिचय

साहित्यकार नरेन्द्र कठैत का जन्म 28 अप्रैल, 1966 को श्रीमती शांति देवी व श्री मोहन सिंह कठैत के घर किदवई नगर, दिल्ली में हुआ। आपका मूल गाँव- सल्डा, बनगढ़स्यूं, जिला पौड़ी गढ़वाल है। आपकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली में हुई। तत्पश्चात् स्नातक की पढ़ाई गढ़वाल में हुई। वर्तमान में आप प्रसार भारती पौड़ी में कार्यरत हैं।

प्रकाशन- डॉ० आशाराम (नाटक), 2003; टुप टप्प (काव्य), 2006; कुळ्ळा पिचकारी (व्यंग्य), 2007; पाणि (खण्ड काव्य), 2008; लग्यां छां (व्यंग्य), 2008; अड़ोस-पड़ोस (व्यंग्य निबन्ध) 2009; हरि सिंघौ बाग्गि फस्ट (व्यंग्य) 2011, आर-पारै लड़ै (व्यंग्य) 2012, समस्या खड़ि च (व्यंग्य) 2013; नाराज नि हुयां (व्यंग्य) 2014, डाळै बिप्दा (एक काव्यधारा) 2015; तबारि अर अबारि (कविता) 2016, बक्कि तुमारि मर्जि (व्यंग्य) 2017; पांच पराणी, पच्चीस छ्वीं (नाटक) 2018; जिंदग्या बाटा मा (अनुवाद); बी० मोहन नेगी- अब यि सब्द बि हमारा इष्ट छन 2018 ।

सम्मान- आदित्यराम नवानी सम्मान (2008-09), हिमाद्रि रत्न सम्मान (2011), डॉ० गोविन्द चातक सम्मान (2012), महाकवि कन्हैयालाल डंडरियाल सम्मान (2013) से सम्मानित।

9.4 अभ्यास प्रश्न

1. साहित्यकार नरेन्द्र कठैत का जन्म कब हुआ?
2. साहित्यकार नरेन्द्र कठैत को आदित्यराम नवानी सम्मान कब मिला?
3. साहित्यकार नरेन्द्र कठैत के पहले गढ़वाली व्यंग्य संग्रह का नाम लिखिए।
4. साहित्यकार नरेन्द्र कठैत के पहले काव्य संग्रह का नाम लिखें।

9.5 आर-पारै लड़ै (व्यंग्य)

बीच बाटा मा कण्डाळि अर किनगोड़ा बोट अल्झ्यां दिखेनि। औण-जाण वळों कु परेसानि ह्वे त क्वी थमाळि पळ्ये कि लैगि। पर हम खून-खराबा नि चाणा छा। हमुन थमाळि थाम दे। कण्डाळि, किनगोड़ा समणा जैकि बोलि- अरे भै! बाटु छोड़ा। यु सब्यतौ बाटु छ। ये बाटा फुण्ड सैरु बिकास दन्कणू च। बिकास रोकणै जिद्द करल्या त नुकसान उठैल्या।

दुयूंन एक आवाज मा जबाब दे- पैलि इन्साप करा। तब ऐथर बढ़ा।

तुमारु इन्साप करदरा हम कु हुंदा? हम तैं क्य पता, तुमारा बीच क्य च पकणू?

कण्डाळिन बोली- भैजी! यु किनगोड़, हवा दगड़ा मिली म्यरि गात पर कांडा चुभौणू रौंद।

किनगोड़ बि चुप नि रै- द लोळि कण्डाळि! बड़ि धरमात्मा बणी छै। ज्वी औणू-जाणू तु वे पर झस्स झसाक मारी बबराट मचौणि छैं।

दम्म कण्डाळि पर आग लगगि। वींन जबाब दे- सूणा जी! य त अब यू रालू, य मी।

हम समझ ग्यां जरूर द्वियूं का बीच क्वी न क्वी एका हैंका तैं भगलोणु च। दुयूं मा, बीच बचौ का तरिका से हमुन बोली-देखा जी! जख तक हवा, पाणि अर आग्यू सवाल छ त हवा, पाणि अर आग कैका बि नीन। तुमारि वा कविता नी सूणी?

कण्डाळिन पूछी- क्वा जि?

-छिड़ गई जंग, हवा अर सूरज में।

जबाब मिली- एक बार क्य, कै बार सुणी छ।

-तैं कविता मा तुमुन क्य देखी?

किनगोड़न जबाब दे- जोर-अजमैस।

-जोर अजमैस कैका बीच ह्वे?

कण्डाळ्या गिच्चा बिटि सुणे-हवा अर सूरजा बीच।

-तैं जोर अजमैस मा, मार कै पर पड़ि?

-मनखि पर।

-त अब तुमी सोच ल्या कु कैकू छ?

कण्डाळिन बोली- चुप रया भै, भैजी! हवा, पाणि अर आग त अपड्ड धरम निभौणा छन।

-देखा जी हवा, पाणि अर आग्यू क्वी धरम नी। सि तुम तैं सुद्दि लड़ौणा, भिड़ौणा, अळझौणा छन। तौंका चक्कर मा अपड़ो ठट्टा नि लगा।

किनगोड़ बि मोटा दिमागौ छ। जौ-सौ बात वेकि समझ मा नि औंदि। वेन पूछि- य बात तुम कनक्वे बोल ग्यां भैजी!

-हवा नजीक जा त हवा द्वी रूप दिखेंदन। ठण्डी हवा अर गरम हवा। ठण्डी हवा रुकी तैं हडग्यूं पर चिब्ट जांदि। गरम हवा सांस लेण मा दिक्कत कर्दि। जु समझदार छन वु हवा चक्कर मा कबि नि अंदन। अब त हवा हौर बि उल्टी दिसा मा बगणी छ।

कण्डाळ्या गिच्चा बिटि निकळि- बगणू त पाणि छ।

-पर कैका पैथर? जैका पैथर पाणि फौरैकि बगणू छ, पाणिन वी दबै यालि। जरा पाण्या प्वटगा बिटि एक बूंद उठैकि लादि।

किनगोड़न गिच्चु कचमोड़ी बोलि- एक बूंद क्य छप्पर फाड़ि देलि?

-यि त सोचणै बात छ। अकेलि बूंद सीप्या गौळा उंद जैकि मोती बण जांदि। पर हर कैकि गौळि सीपी नी। हर बूंदा जोग मा मोती बणणु बि नी लिख्यूं। जनि द्वी भाण्डों का बीच मा खमणाण पैदा होंदु, उनि द्वी बूंद मिली तैं बूंद नि रै जांदन। वूंकू पाणि बणि जांदु। पाण्या बीच मा बूंद क्वी नि खुज्योंद। सब्बि पाणी ढूंढ कर्दन। जब्कि बूंद-बूंद मिली तैं पाणि समोदर तक चलगि।

-अर आग?

-आग तैं आग ऐथर बढ़णौ तैं फुसलौंदि। मनखि नि होवु त आग सौब खाक कर जावु। आग्या जोग मा छारु छ। छारु घोळी बि छार्वी रै, अमरित नि बणि। इलै, हमारि माना त अपड़ा यूं रगड़ा-झगड़ों तैं बीच बाटा मा नि ला। जु कुछ बि कमि बेसी छन वूं आपस मा निब्टा। अरे, जड़ तुम दुयूं कि एकी जगा मा छना। रौण बि तुमुन एक्कि जगा मा छ।

किनगोड़न बोलि- जगा त मि, जम्मा नि ह्वे दुड़ण्यां। कण्डाळि जथगा चावु बदनाम करल्यो। य बात म्यरा मन मा कूटि-कूटि भरीं छ।

-क्वा बात?

-चा हाथ कट जावन। मुण्ड फुट जावन। जलड़ि घाम लगी तैं चा पराण चल जावन। पर ब्यटौं अपड़ि जगा-जमीन नि छुड्यां।

-कन्नौ, क्य कण्डाळी ब्वे नि छयि? कण्डाळि बगर बीजै पैदा ह्वेगि।

-अजि क्वा रण्डोळ रै धौं, जैन यींका तन-पराण मा इथगा किस्वाळि भौन्नि।

-क्या त्यरि ब्वे, त्वेमा अमरितौ घौड़ु पकड़ै गे छै।

दुयूं मदि्द कैका नाक नि लगू, हमुन वे तरीका से बोलि- अरे! गौं का बीच न सै त किनारा त ढंग कैकि रा। भै! तुम बुरु माना चा भलु, कमी त तुम दुयूं मा ही छन। निथर तुम बसागता बीच बिटि किलै हटयै जांदा। बसागता बीच तुमारु रौण आज बि गाळि मनेणी छन।

कण्डाळिन बोली- भैजी! बुरु नि मण्यां, बसागतन त अपड़ा बीच बिटि जड़ वळा बि हटै यनि। तुम द्यखणि लग्यां छां।

-क्या?

-जैं जगा बिटि जड़लि घाम लगनि वा जगा बांजा पड़ी।

-तुमी बता, तुमुन एकी जगा मा पड़ि-पड़ी क्य करि। किस्वाळि बढ़ै, काण्डा पैना कर्नि।

-हमारि जड़ तुमारि दुख तकलीफ मा काम अंदन। इन बोली किनगोड़न बात समाळि।

तां पर हमुन जबाब दे- हमुन तुमारि जड़ो कुछ नि बोली। स्या बिचारि कैकु क्य बिगाड्नी? चौबीस घड़ी मुंड मा रखी तुम तैं पळनि छ। तुमारा बोझ-भारा तौळ, इनै-उनै बि नि ठसक सकणि छ। असलि चीज जु तुमुन सिख्ण छयि वा तुम मा छयिं नी।

-वु क्य?

-तुमारु ब्योहार।

-हरेक तैं कमि छोट्टों मा नजर अंदिन। खुली जगा वळा ठीक छन।

-सूणा! जन तुमुन हमारु बाटु रोकी तनि एक दिन कुळैं बि हमारा बाटा मा खड़ि ह्वे।

कण्डाळिन पूछि- किलै?

-कुळैंन बोलि- भयूं! क्वी म्यरि मदद करदरु नी। म्यरा गौळा पर एक डांग साख्यूं बिटि फस्यूं छ। मौ-मददौ ओड़-छोड़, दूर-दूरा सब्बि अजमै यनि। पर म्यरा गौळा पर डांग फंस्यूं कु फंस्यूं रैगि। उठणू नी। बाघ बुलै- बाघन अपड़ि पीठ रगड़ी अर चलगि। गरूड़ से लेकि घुघती तक पौन-पंक्षी जमा ह्वेनी। पर सि बि म्यरा मुण्ड मा बीटी च गेनी। हमुन कुळैं समझै- देख भै! तू बड़ि छै। डांग अपाहिज छ। दिमाग बि तैकु क्वी कामौ नी। जै कामन होण नि, वेकु तैं र्‌वेकि बि क्वी फैदा नी। वे पड़्यूं रौण दि। बात कुळैं कि समझ मा ऐ। वीन य बात दुबारा नि उठै।

कनगोड़न बीच मा टोकि- देखा जी! कुळैं छड़ि-छांटि छ। चर्रि तरफां खुलि जगा जमीन छ। हमारि तरौं दुबल्या-घास दगड़ा कुतैस मा त नी।

-स्या बात बि नी। बौड़ा डाळा देखा। स्यू बि त अकेलु खड्ड च। पर बौड़ जनु ज्ञान बि कै डाळि-बोटि मा नी। बौड़ै फौक्यूं देखा। जथगा हाथ ऐंच उठौणू च, उथगि माटा तैं स्यवा लगौणू च। बौड़ तैं कबि कैकि मददै जरोरत नि पड़ि। अपड़ा दुख-गम अप्वी समाळ्नू च। इलै म्यरि माना त अपड़ि जिद्द छोड़ा। इथगा सूणी बि कण्डाळि अर किनगोड़ै अकड़ ढीली नि ह्वे। कण्डाळ्या धड़्यो कण्डाळि पौंछि, किनगोड़ा धड़्यो किनगोड़। बाटा मा किबलाट मचगि। बात समझौण लैक नि रै। तू-ता, रै-बै तक पौंछि। थमाळिन बोलि- भैजि! सीधी अंगुळिन अब घ्यू नि निकळ्न। जरा मैं उठादि!

थमाळि बढ़ि, बाटु खुलि। सुण्न मा आणू छ कि अब हवा, पाणि अर आग कण्डाळि-किनगोड़ौ तैं आर-पारै लड़ै लड़ला। पर सर्त या छ कि जब क्वी तौंकु झण्डा उठाला।

9.6 अभ्यास प्रश्न

1. झगड़ा किस-किस का चल रहा था?
2. कण्डाळी ने किनगोड़ पर क्या आरोप लगाया?
3. अन्त में किस पेड़ का उदाहरण दिया गया है?
4. क्या कण्डाळी व किनगोड़ के बीच समझौता हो पाया?

9.7 सारांश

हमारी आज की सभ्यता व समाज का सजीव चित्रण करते हुए व्यंग्यकार नरेन्द्र कठैत इस व्यंग्य में दो स्थानीय वनस्पतियों या यूं कहें झाड़ियों 'किनगोड़' (कांटेदार झाड़ी) एवं कण्डाली (बिच्छू घास) के

माध्यम से बहुत सामान्य मुद्दे को असाधारण तरीके से उठाकर गम्भीर चर्चा उत्पन्न करते हैं। किनगोड़ व कण्डाली दो परस्पर विपरीत धारा के चरित्र हैं। दोनों में ईर्ष्या, अहंकार व वर्चस्व का संघर्ष देखा जा सकता है। ये दोनों चरित्र हमारे समाज से उपजे किरदार हैं। जो अपने अस्तित्व व वर्चस्व के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। कुछ भी कर सकते हैं। दोनों स्वयं को दूध का धुला बताते हैं और दूसरे को धूर्त। आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। कमाल की बात यह है कि दोनों एक दूसरे से खार खाते हैं किंतु बावजूद इसके रहते भी उसी परिवेश में हैं। दोनों के मध्य सुलह-समझौते का प्रयास किया जाता है किंतु दोनों का अहम एक-दूसरे से बड़ा ही बड़ा है। यहाँ तक कि एक कविता का जिक्र करते हुए कि 'छिड़ गई जंग हवा और सूरज में' तो परिणाम क्या हुआ? जोर आजमाइश किसकी हुई? मार किस पर पड़ी? मनुष्य पर! तो फिर सोचो संघर्ष कैसा? इसी तरह कि किनगोड़ व कण्डाली के मध्य तर्क-वितर्क होते हैं। व्यंग्यकार उन्हें समझाने का पूर्ण प्रयास करता है। एक अन्य उदाहरण के साथ तर्क प्रस्तुत करता है कि यह सोचने की बात है कि एक अकेली पानी की बूंद सीप के मुँह में जाकर मोती बन जाती है किंतु हर मुँह सीप नहीं। हर बूंद के भाग्य में मोती बनना नहीं लिखा है। जिस प्रकार दो बर्तन टकराकर मात्र आवाज उत्पन्न करते हैं उसी प्रकार दो बूंद टकराकर बूंद नहीं रह जाती उनका पानी बन जाता है। पानी में बूंद कोई नहीं ढूंढ़ता। सभी पानी की तलाश करते हैं जबकि बूंद-बूंद मिलकर पानी समुद्र तक पहुँच गया है। यह हमारे जीवन का यथार्थ है जो उन्हें समझाया जाता है।

फिर वे दोनों आग के विषय में प्रश्न करते हैं। इसके प्रति उत्तर में व्यंग्यकार कहते हैं कि आग को आग भड़काती है। मनुष्य न हो तो आग सब खाक करे दे। आग के भाग्य में राख है। राख घोलने पर भी राख ही रहती है। अमृत नहीं बनी। इसलिए हमारी मानो और इन आपसी झगड़ों को तूल मत दो। अपने भीतर तक ही सीमित रहने दो, परस्पर निपटा लो। आखिर जड़ें तो तुम दोनों की एक ही जगह में हैं। रहना भी तुम दोनों ने एक ही जगह में है किंतु फिर भी वे मानने को तैयार नहीं हैं। उन्हें हाथ कट जाना, सिर फूट जाना, पूरी तरह बरबाद हो जाना, जान चली जाना मंजूर है किंतु अपनी जगह अपनी हठ छोड़ना मंजूर नहीं । इस प्रसंग में व्यंग्यकार अपनी जड़ों से जुड़े रहने, अपनी धरती से आत्मिक प्रेम रखने का संदेश भी देते हैं। दोनों के मध्य झगड़ा बढ़ते देख लेखक दोनों को शांत कराते हुए कहता है कि यदि गाँव के बीच तुम शांतिपूर्वक नहीं रह सकते तो किनारे तो ढंग से रहो। तुम भला मानो या बुरा किंतु कमी तो तुम दोनों में ही है। वर्ना तुम दोनों को बीच बस्ती से क्यों उखाड़ फेंका जाता। बस्ती में तुम्हारा होना आज भी गाली माना जाता है। इस प्रकरण में कण्डाली का भी बेहद तर्कपूर्ण व यथार्थवादी उत्तर मिलता है जब वह कहती है कि भैजी बुरा मत मानना किंतु बस्ती ने तो अपने बीच से जड़ वालों को भी हटा दिया है। यह वाक्य बहुत अर्थ गाम्भीर्य का व चिंतनीय है। कण्डाली भी गाँव के वर्तमान हालात पर कटाक्ष करती हुई कहती है कि जिस जगह से भी जड़ें उखड़ीं वह जगह बर्बाद हुई। इस पर लेखक प्रश्न करता है कि तुमने एक जगह में रहकर कौन-सा तीर मारा तो किनगोड़ बात सम्भालते हुए कहता है कि हमारी जड़ें तो तुम्हारी बीमारियों में, दुख-तकलीफों में औषधि के रूप में काम आती हैं। वास्तव में तुम्हारी जड़ें तो संयम व सामर्थ्यवान हैं कि तुम्हारा पूरा भार वहन कर रही हैं। तुम्हें पाल-पोस

रही हैं किंतु बेचारी भी क्या करे, व्यवहार तो तुम्हारा अपना है, वह तुम्हें स्वयं सीखना था। इस पर वह कहता है कि प्रत्येक को कमी अपने से छोटे में ही नजर आती हैं जो बड़ा हो जिसके पास बड़ी जगह हो उसे क्या परेशानी?

जैसे तुमने हमारा रास्ता रोका इसी प्रकार एक दिन चीड़ के वृक्ष ने रोका था। उसने कहा कि एक भारी भरकम पत्थर सदियों से मेरे गले में फंसा हुआ है। मैंने अपने चारों ओर सभी से सहायता मागी किंतु यह समस्या किसी से हल न हुई। यहाँ तक कि बाघ से विनती की, कई पक्षियों के हाथ जोड़े किंतु कोई बात न बनी। हमने (लेखक ने) उसे समझाया कि तू (चीड़) बड़ा है, विवेकशील है। पत्थर अपाहिज है, दिमाग से पैदल, उससे क्या वैर भाव रखना। क्या झगड़ा मोल लेना। उसे पड़ा रहने दो। यह बात चीड़ की समझ में आई और फिर उसने कभी यह मुद्दा नहीं उठाया। किनगोड़ ने बीच में ही टोकते हुए कहा, 'देखो जी, चीड़ तो खुली हवा में जी रहा है। उसके चारों ओर खुली जमीन है। हमारी तरह अनेक झाड़ियों से संघर्ष थोड़ी है उसका!'

ऐसा नहीं है। अरे! बड़ के पेड़ को देखो, अकेला खड़ा है। उसकी शाखाओं को देखो, उसके हाथ जितने ऊपर उठते हैं उतने ही मिट्टी को नमन करते हैं। उसे कभी दूसरों की मदद की जरूरत नहीं पड़ी। वह अपने दुख स्वयं झेलता है, अपने झगड़े स्वयं निपटाता है। इतना सुनकर भी उन दोनों की अक्ल ठिकाने नहीं आई। दोनों ने अपने सगोत्र इकट्ठे किए। झगड़ा बढ़ता गया। गाली-गलौज, मारपीट। यानि अब सीधी अंगुली से घी निकलने से रहा। अब हथियार उठेगा और उन दोनों को सबक सिखाएगा।

अंततः हवा, पानी व आग अब कण्डाली-किनगोड़ के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। किंतु शर्त यह है कि जब वे उनका झंडा उठायेंगे। लेखक ने बड़ी कुशलता के साथ यह ताना-बाना बुना है जिसमें घरेलू झगड़े या आम जन-मानस के सामान्य मुद्दे घोर राजनीति की भेंट चढ़ जाते हैं। साधारण लगने वाले मुद्दे भी असाधारण बन जाते हैं।

9.8 शब्दार्थ

अळझ्याँ- उलझे हुए, कण्डाळी- बिच्छू घास, किनगोड़- एक पहाड़ी झाड़ी, थमाळि- बड़ी दरांती, अळझोणा- उलझाना, जोग- भाग्य, छारु- राख, कुळैं- चीड़, बौड़- बड़, धड्यो- पक्ष में।

रचनाकार पर आधारित अभ्यास प्रश्नों के उत्तर- 1. 28 अप्रैल, 1966, 2. 2008-09, 3. कुळ्ळा पिचकरी, 4. टुप्प-टप्प।

रचना के आधार पर प्रश्नों के उत्तर- 1. कण्डाळी व किनगोड़ के बीच, 2. इसके कांटे मुझे परेशान करते हैं, 3. बड़ के पेड़ का, 4. नहीं।

9.9 संदर्भ

1. आर-पारै लड़ै- नरेन्द्र कठैत

9.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1. 'आर-पारै लड़ै' व्यंग्य का सार अपने शब्दों में लिखिए।

2. कण्डाळी व किनगोड़ की तरह क्या समाज के विभिन्न वर्ग भी आपसी झगड़े में उलझे हैं? विस्तार से लिखें।

इकाई-10

'प्रेमलाल भट्ट जी से मुखाभेंट'- दिनेश ध्यानी (PremLal Bhatt)

इकाई संरचना

10.1 प्रस्तावना
10.2 उद्देश्य
10.3 प्रेमलाल भट्ट का संक्षिप्त परिचय
10.4 अभ्यास प्रश्न
10.5 प्रेमलाल भट्ट से मुखाभेंट
10.6 अभ्यास प्रश्न
10.7 सारांश
10.8 शब्दार्थ
10.9 संदर्भ ग्रंथ सूची
10.10 निबंधात्मक प्रश्न

10.1 प्रस्तावना

साक्षात्कार गद्य साहित्य की एक महत्वपूर्ण विधा है जिसके माध्यम से साहित्य के कई सारे पक्षों पर खुली चर्चा होती है। साहित्य की दशा व दिशा का पता चलता है। गढ़वाली में लगभग तमाम वरिष्ठ व चर्चित साहित्यकारों के साक्षात्कार समय-समय पर अलग-अलग माध्यमों से प्रकाश में आते रहते हैं। इसी शृंखला में 'उत्तरायण' महाकाव्य के रचनाकार वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमलाल भट्ट जी का साक्षात्कार यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रेमलाल भट्ट गढ़वाली साहित्य को 'उमाळ', 'भागै लकीर', 'कुतग्यळि' जैसे काव्य संग्रह व 'उत्तरायण' महाकाव्य दे चुके हैं। किसी साहित्यकार के जीवन के अनुभव, संघर्ष एवं साहित्य के लिए समर्पण को किसी साक्षात्कार में पढ़कर साहित्य के भूत, वर्तमान व भविष्य की झलक अवश्य मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकारों के अनुभवों से नई पीढ़ी के लेखक भी प्रेरित होते हैं। साक्षात्कार साहित्य विमर्श के लिए एक खुला मंच है। साथ ही पाठक अथवा श्रोता तक बात सीधी पहुँचती है जिसका एक अलग असर होता है। साक्षात्कार से बहुत से विषयों व मुद्दों पर चर्चा होती है तथा एक नई दिशा मिलती है जो कि अन्य माध्यमों से संभव नहीं। एक बेहतरीन साक्षात्कार उस लेखक का जीवन वृत्त प्रस्तुत करता है तो साहित्यिक विमर्श का भी अवसर प्रदान करता है। साहित्य की स्वस्थ चर्चा परिचर्चा के लिए साक्षात्कार महत्वपूर्ण विषय है। किसी भी महान साहित्यकार का साक्षात्कार साहित्य का मूल्यांकन करने में सक्षम होता है।

10.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपः-

- साहित्य की साक्षात्कार विधा से परिचित होंगे।
- साक्षात्कार में दी गई साहित्यिक जानकारी हासिल होगी।
- साहित्यकार के जीवन की घटनाओं से परिचित होंगे।
- लेखन के लिए दिशा निर्देश प्राप्त होंगे।

10.3 प्रेमलाल भट्ट का संक्षिप्त परिचय

08 मई सन् 1931 को श्रीमती झांपा देवी एवं श्री रामनाथ भट्ट के घर सेमन देवप्रयाग में जन्म, प्रारम्भिक शिक्षा गाँव में हुई। आपने बी०ए० ऑनर्स (संस्कृत) व हिन्दी में स्नातकोत्तर की शिक्षा आगरा विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1956 में भारत सरकार में सेवा अनुवादक के रूप में कार्य प्रारम्भ करने वाले प्रेमलाल भट्ट जी 1989 में निदेशक राजभाषा के पद से सेवानिवृत्त हुए। आपने गढ़वाली व हिन्दी में समान्तर लेखन किया। गढ़वाली में उमाळ, भागैलकीर, कुतक्यळि, द्वी कुटमुणि कूंजै (काव्य संग्रह) एवं उत्तरायण (महाकाव्य) प्रमुख हैं। साथ ही हिन्दी में 21 उपन्यास सहित कुल 51 कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। आपने अंग्रेजी के दो मानक शब्दकोषों का सम्पादन भी किया है। आप गढ़वाली के विद्वान व वैचारिक लेखक है। यूं तो आपको कई सम्मान व पुरस्कार मिले किन्तु भारत सरकार द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार (2010) बहुत महत्वपूर्ण है।

सम्मान पुरस्कार 1. भारत सरकार द्वारा राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार

2. हिन्दी अकादमी पुरस्कार (दिल्ली सरकार)

3. पं० आदित्यराम नवानी पुरस्कार

4. डॉ० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल पुरस्कार

5. साहित्य अकादमी पुरस्कार (भारत सरकार)

10.4 अभ्यास प्रश्न

1. महाकवि प्रेमलाल भट्ट का जन्म कब और कहाँ हुआ?
2. उनके महाकाव्य का नाम क्या है?
3. इसके अलावा उनकी किसी और कृति का नाम लिखें?
4. उन्होंने हिन्दी एवं गढ़वाली की कुल कितनी पुस्तकों का सृजन किया?
5. प्रेमलाल भट्ट जी को भारत सरकार द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार किस वर्ष मिला?

10.5 प्रेमलाल भट्ट जी का साक्षात्कार

(वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमलाल भट्ट जी दगड़ि श्री दिनेश ध्यानी जीन मुखाभेंट करे। भट्ट जी का जीवन अर साहित्यिक जातरा से जुड्यां कै पहलुओं पर छ्वींबथ ह्वेन।

ध्यानी जी- आपै शिक्षा-दीक्षा कख ह्वे?

भट्ट जी- मेरा गौं सेमन, पट्टी कंडवालस्यू, पौड़ी गढ़वाळ मा मेरि प्राइमरि शिक्षा ह्वे। वांका बाद मिन मैट्रिक पौड़ी बिटिन करि अर बी. ए. पंजाब बिटिन करि।

ध्यानी जी- आपन लेखन कब बिटि सुरु करि?

भट्ट जी- मिन हिंदी मा कविता लिखण इस्कूल टैम बिटिन सुरु करियालि छौ। तब शौकिया लिखदु छौ अर मठु-मठु कैकि लिखण मा रुचि बढ़दि गे। जख तलक गढ़वाळि को सवाल छ त वन त कबि-कबार इस्कूल टैम बिटिन गढ़वाळि कविता, गीत लिखदु छौ पण वरिष्ठ साहित्यकार अर राजनेता स्वर्गीय शिवानन्द नौटियाल जी की एक पत्रिका छपेंदि छै, वख मि नियमित गढ़वाळि मा लिखदु रौं। तब बिटिन लगातार गढ़वाळि मा लिखणू छौं।

ध्यानी जी- गढ़वाळि मा आपै पैलि रचना?

भट्ट जी- गढ़वाळि भाषा मा मेरु पैलु कविता संग्रै 'उमाळ' छ। वांका बाद मिन 'भागै लकीर' खण्ड काव्य, 'उत्तरायण' महाकाव्य अर 'कुतग्यळि' कविता संग्रै लिखि। हिंदी मा त आप जाण्दै छन कै उपन्यास लिखिन।

ध्यानी जी- उम्र का ये पड़ाव मा बि आपा भितरौ कवि वन्नि सजिलु अर मयाळु छ। य आपै 'कुतग्यळि' कविता संग्रै न बतै जु 2009 मा प्रकाशित ह्वे। अमणि बि आप वे हि भाव से कविता पढ़दन। क्य लगदु आपौ शरीर साथ देंदु त हौर कुछ बि साहित्य मा अग्याळ देंदा?

भट्ट जी- लिख्वारा मना भाव अर लिखणै ललक कबि नि पुरेंदि। अज्यों बि मन मा उमाळ औंदन पण क्य कन्न लिखि नि सकदु। हाँ, कबि-कबार क्वी बात या कवितै लैन कागज मा उतारि देंदु। भौत कुछ लिखणौ मन कर्दा। आज जो समाज अर सरकारों का तरपां साहित्यै गयळि दिखेणी वे परैं अर सामाजिक हालातों परैं लिखणा ज्यू बोल्द। नै पीढ़ी का लिख्वारों तैं यों सब बातों पर लिखण चैंद।

ध्यानी जी- गढ़वाळि भाषा अर यीं भाषा पाठकों तलक हमारु साहित्य नि पौंछणू छ। आप क्य सोचदन पढ़दारों कि उदासीनता छ कि लिख्वार सै ढंग से पढ़दारों तलक नि पौंछणा छन?

भट्ट जी- जख तलक मेरि अपणि बात छ त मेरि किताब त जों लोगों तलक गेन वूंन भौत पसंद बि करिन। वे जमाना का साहित्यकारों का पास उतगा संसाधन नि छया पण वूंन भलु लिखि त पाठकों न पसंद बि करि। अमणि नै जमानु छ, नया लोग छन अर समाज मा भौत बदलौ ऐगे। किताब पढ़णौ रिवाज बि कम होण लग्यूं छ। समै का दगड़ा लिख्वार अर प्रकाशक अगर सै ढंग से तालमेल बिठाकि

चलला त जरूर पाठक जुड़ला। नै-नै प्रयास होण चैंदन। साहित्यै हर विधा मा काम होण चैंद, साहित्यिक आयोजन बि होण चैंदन तबि समाज साहित्य दगड़ि जुड़लो।

ध्यानी जी- दिल्ली मा सरकारन गढ़वाळि, कुमाउनी, जौनसारी भाषा अकादमी को गठन कर्‌यालि। उत्तराखण्ड मा यनु प्रयास नि दिखेणे। आप क्य माणदन अकादमी बण्न से हमारि भाषौ प्रचार होलु? लिख्वारों तैं कुछ सांसु मिललु?

भट्ट जी- जरूर फैदा होलु। हौर जोर शोर से लिख्यै जालु अर हमारि भाषाओं तैं समाज अर सरकारों का स्तर परैं मान्यता मिललि। हमारि भाषाओं कि पछ्याण होलि। जौंन अकादमी बणै वूंन भौत भलु काम करि। पर हाँ, इतगा जरूर छ अकादमी होंन या क्वी संस्था वख ईमानदारी से काम होण चैंद। जख तलक उत्तराखण्डै बात छ त वख बि भाषा, संस्कृति अर सरोकारों का प्रति सरकारों तैं काम कन्न चैंद। तबि हमारा समाजै पछ्याण दुन्या मा होलि अर हमारि भाषा बि सबल होलि। उम्मेद करदां कि हमारा नीति नियंता ये बारा मा जरूर सोचला।

ध्यानी जी- केन्द्र सरकारन नै शिक्षा नीति का तहत घोषणा करे कि प्राथमिक बिटिन मिडिल तलक एक विषय इस्कूलों मा वखै स्थानीय भाषा मा पढ़ये जालु। उत्तराखण्ड मा प्राथमिक स्तर परैं कुछ जिलों मा पाठ्यक्रम त्यार होणू छ अर सैद जल्दि हि पाठ्यक्रम सुरु होलु। आप क्य सोचदन केन्द्र सरकार कि य पहल स्थानीय भाषाओं का विकास का खातिर कतना कारगर रैलि?

भट्ट जी- जरूर नै शिक्षानीति को असर पोड़लु। जब इस्कोलों मा हमारि भाषा पढ़ये जालि तबि त यि भाषा रोजगार परक बणलि। कै बि भाषा तैं रोजगार परक बणौणा खातिर वखा नीति नियंताओं कि इच्छाशक्ति भौत काम करदि। उत्तराखण्डा बारा मा यीं बातै कमि दिखेणी छ पण यना प्रयासों का हि माध्यम से जरूर हमारि भाषाओं का दिन बौड़ला।

ध्यानी जी- गढ़वाळि भाषा मानकीकरणा वास्ता भौत दिनों बिटिन प्रयास होण लग्यां छन। कै कार्यशाला अर विचार गोष्ठी समै-समै परैं होण लगीं छन। भौत सारा लिख्वार सिरनगर्‌या गढ़वाळि तैं मानकीकरणा वास्ता सुगम भाषा माणदन। आप क्य सोचदन कि गढ़वाळ्यौ सिरनगर्‌या गढ़वाळि मा मानक होण चैंद या क्वी हौर?

भट्ट जी- जख तलक गढ़वाळि भाषा कि मानकीकरणै बात छ त सिरनगर्‌या सुरु बिटिन रजवाड़ों का टैम बिटि राजकाजै भाषा रै। यांका कै प्रमाण छन। इलै सिरनगर्‌या तैं मानक माण्यै जाण चैंद।

ध्यानी जी- कुछ लोग बोल्दन कि मानकीकरणै बात करिकि स्थानीय शब्दों कि गयळि होलि। इलै मानकीकरण स्थानीय शब्दों का खातिर उचित नी। जेन जन्नि लिखण लिखण द्‌या। आप क्य सोचदन यीं बात पर?

भट्ट जी- बोलचाल हो चाहे लेखन हो वखम स्थानीय शब्दों को लोप नि होण चैंद लेकिन जब आप साहित्य सृजन करदन त वख कुछ न कुछ त मानकीकृत होणै चैंद। नथर भाषौ विकास कन मा होलु। मानकीकरण स्थानीय शब्दों को लोप नि करद बल्कि वां से भाषा उन्नत होलि। एक शब्दा कै

तत्सम शब्द बि ह्वे सकदन। पर अलग-अलग उच्चारण को एक मानक जरूर होण चैंद। साहित्यकारों तैं ये परैं कबि न कबि एकमत होण चैंद।

ध्यानी जी- गढ़वाळि भाषा तैं संविधानै आठवीं अनुसूचि मा शामिल कन्ना खातिर प्रयास होण लग्यां छन। आप क्य सोचदन कि संविधानै आठवीं अनुसूचि मा शामिल होणा खातिर हमारि भाषा सक्षम छन? अर यां से क्य फैदा होलु?

भट्ट जी- हमारि भाषाओं तैं यीं स्थिति मा औण पड़लु जां से हमारि भाषा संविधानै आठवीं अनुसूचि मा ह्वे सकेन। गढ़वाळि भाषै हर विधा मा कम लिखेणू खास करी गद्य विधा मा। हर विधा का लिख्वार जब तलक अगनै नि आला अर पढ़दारों तैं भाषा दगड़ि नि जोड़ला तब तलक असमंजस बण्यू रैंण। इलै खूब लिख्यै जाउ अर जनु कि हमुन पैलि बि बतै कि साहित्यिक आयोजन लगातार होण चैंदन।

ध्यानी जी- देखण मा औणौं कि हमारा भौत सा लिख्वार सब से पैलि अपणि कविता संग्रै कि एक पोथि छपे देंदन अर वूं मदे भौत लिख्वार छन जु कहानी, उपन्यास, नाटक आदि विधा मा लिखदन बाकि एक द्वी कविता संग्रै का बाद सोचदन कि हमारि जिम्मेदारि पूरि ह्वेगे। आप क्य माणदन कि यनि सोच किलै होलि?

भट्ट जी- साहित्य कि हर विधा मा काम लगातार होण चैंद। कहानी, कविता, उपन्यास, नाटक सबि लिखा। एक-द्वी कविता संग्रै या किताबों से न ल्यख्वारै पछ्याण होणि अर न साहित्यौ भलु। सतत लेखन लिख्वारों तैं ऊर्जावान रखद अर विचार शक्ति को बि बर्धन होंद।

ध्यानी जी- बोल्दन कि कै जमाना मा दिल्ली का लिख्वारों मा आपसि खींचताण भौत छै। साहित्य बि खूब लिखि। तीन-तीन महाकाव्य आप लोगोंन दिल्ली बिटिन गढ़वाळि साहित्य तैं दीनिन। खींचताण किलै रै होलि?

भट्ट जी- खींचताण क्वी बात नी। विचार भिन्नता त घौर मा बि होंदि। कबि-कबार लोग विचारों कि भिन्नता तैं झगड़ा बतै देंदन। असल मा बहसै गुंजैस हर जगा रैण चैंदि अर स्वस्थ बहस जरुरि छ तबि त आकलन होलु अर तबि हम तैं पता लगलु कि हम क्य अर कनु कन्ना छां। हाँ, य बात आपन ठिक बोलै कि सत्तर का दशक मा दिल्ली साहित्य कि उर्वरा भूमि छै। खूब काम ह्वे। वे जमाना मा लिख्वार लिखदा बि भौत छा अर पढ़दा बि छा हौर लिख्वारों तैं। अब लिखण बि कम ह्वेगे अर पढ़णौ रिवाज त खतमै जन लगणू। अच्छा लेखना वास्ता खूब पढ़ण चैंद। जब विचार विनमय होलु अर शब्द भण्डार बढ़लो तबि स्तरीय लेखन होलु। यीं बात तैं हर नै लिख्वार तैं समझण चैंद। हाँ, दिल्ली बिटिन मेरु 'उत्तरायण', अबोधबंधु बहुगुणा जी को 'भुम्याळ' अर कन्हैयालाल डंडरियाल जी को 'नागराजा' महाकाव्य अपणा आप मा भौत उल्लेखनीय ग्रंथ छन। साहित्य मा लगातार काम होण चैंद तबि साहित्य अर भाषा को विकास होलु।

ध्यानी जी- कुछ लोग अपणि पोथि नि छपदा कि ना हो लोगों तैं हमारु लिख्यूं पंसद नि औ? कुछ लोग बोल्दन कि ठोक बजै कि जांच करावा अर तबि किताब छपावा, आप क्य सोचदन?

भट्ट जी- य बात सै छ कि साहित्यिक कृति कि भाषा अर शिल्प भलु होण चैंद पण अगर जुवों का डौरा घघरु पैरूण छोड़ि देला त फिर कैन बि सांसु नि कन्न लिखणौ। जख तलक गल्ति कि बात छ त कै बि साहित्यकारा कै बि भाषा तैं जतगा बार देखला त वे मा कुछ न कुछ संपादनै गुंजैस हमेशा बणी रैंदि। इलै लिखण चैंद अर लगातार लिखण चैंद। जु लेखि हो वु छपण बि चैंद। तबि त पता चललु अर तबै भाषौ विकास होलु।

ध्यानी जी- आप तैं क्य-क्य सम्मान मिलनी?

भट्ट जी- हमारु सबुसे बड़ो सम्मान हमारा पाठक होंदन। अगर आपै रचना तैं पढ़दारों न पसंद करियालि त समझा कि आप तैं दुन्यौ सबसे बड़ो सम्मान मिलिगे। दुसरि बात लिख्वार तैं कबि यनु नि सोचण चैंद कि मेरा लिख्यां पर सम्मान मिललु। आप अपणु काम करा बस। जख तलक मेरि बात छ त वन त भौत सम्मान मिलणा रैन कै संस्थाओं बिटि। मुख्य सम्मान 2008 मा साहित्य अकादमी सम्मान मिलि। हिंदी अकादमी उत्तर प्रदेश बिटिन बि सम्मान मिलि अर मेरि कै हिंदी अर गढ़वाळि पोथ्यों परैं सम्मान मिलिन।

ध्यानी जी- भट्ट जी आप जीवन का नब्बे बसंत पार कै चुकि ग्यां। अब आपौ स्वास्थ्य बि साथ नी देंदु कि आप इनै-उनै नि जै सकणा। त समाज का लोग अर भाषा साहित्य जगत का लोग खाज-खबर ल्हेंदा छन कि न?

भट्ट जी- हम जना बुढ्या लोगों तैं आप जना द्वी-चार लोग कबि-कबार याद करि देंदन। सि आपका सामणि बैठ्यां ललित केशवान जी बि कबि-कबार दर्शन दे देंदन। बाकि आप यनु बोल्यां कि समाज खोज-खबर ल्हेंद त तनि बात नी। लोग अपणि गृहस्थी मा बिजी छन। समै भौत तेजी से भजणो। न क्वी औंद न क्वी फोन कर्दु।

ध्यानी जी- आखिर मा। आप नै पीढ़ी तैं क्य संदेश देण चांदन।

भट्ट जी- लेखन लगातार होण चैंद, पढ़ण बि चैंद अर आलसी कतै नि होण। अपणा सामाजिक सरोकारों का प्रति नै पीढ़ी तैं सजग अर चितळु रैण चैंद। लेखन का सबि आयामों परैं बात अर समै-समै परैं साहित्यिक आयोजन जरूर होण चैंदन। भाषा गोष्ठी, पुस्तक मेला अर हर विधा मा काम कर्यूं चैंद तबि हमारि भाषा उन्नत होलि।

10.7 सारांश

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार प्रेमलाल भट्ट जी की शिक्षा-दीक्षा, उनकी लेखन यात्रा, प्रकाशित कृतियों की जानकारी इस साक्षात्कार से मिलती है। गढ़वाली भाषा के साहित्य को कैसे

अधिक से अधिक पाठकों तक पहुँचाया जा सकता है तथा गढ़वाली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाना कितना जरूरी है, यह जानकारी भी इस साक्षात्कार से मिलती है।

10.8 शब्दार्थ

मठु-मठु- धीरे-धीरे, उमाळ- उबाल, भागै लकीर- किस्मत की लकीर, कुतग्यळि- गुदगुदी, लिख्वार- लेखक, अमणि- आज, पछ्याण- पहचान, चितळु- सचेत

रचनाकार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- 1. 08 मई, 1931 को सेमन देवप्रयाग, 2. उत्तरायण, 3. भागै लकीर, 4. 51 पुस्तकों की रचना की, 5. वर्ष 2010 में।

10.9 संदर्भ

1. चिट्ठी पत्री-2021

10.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1. प्रेमलाल भट्ट के साहित्यिक योगदान की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए।